
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 144 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 25 नवम्बर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



धर्म चक्र कर्म को हनन करने वाला है और धन चक्र मोह को बढ़ाने वाला है।
Wheel of religoin destroys karma whereas wheel of wealth promtes religion.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### हेमंत सोरेन ने राज्यपाल से मिलकर पेश किया सरकार बनाने का दावा

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन की जेएमएम को मिली बंपर जीत के बाद अब फाइनल हो गया है कि झारखंड के नए सीएम हेमंत सोरेन ही होंगे और उनका शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को होगा। हेमंत सोरेन ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है और वे अब चुनाव में मिली जीत के बाद नए सीएम के तौर पर शपथ लेंगे। बता दें कि विधानसभा की 81 सीटों में झामुमो नीत इंडिया गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत दर्ज की है। यह आंकड़ा 41 के बहुमत से 15 सीट ज्यादा है। झारखंड के सीएम और जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का कहना है, 28 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

### भारत की पिनाका हथियार प्रणाली से बढ़ेगी आर्मेनिया की ताकत, शुरू किया गया निर्यात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत लगातार अपनी युद्धक क्षमताओं में इजाफा कर रहा है. इसके साथ ही वह अपने सहयोगी देशों की ताकत बढ़ाने में भी लगा है. इसी कड़ी में भारत अब आर्मेनिया की मदद भी कर रहा है. दरअसल, स्वदेशी मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर (एमबीआरएल) में बढ़ती वैश्विक रुचि के बीच, भारत ने रविवार को आर्मेनिया को अत्यधिक सक्षम पिनाका रॉकेट की आपूर्ति शुरू कर दी है.

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अब ट्रेन से भी करेंगे राज्य के विविध क्षेत्रों का दौरा

**बिलासपुर में आयोजित कवि सम्मेलन सुनने अमरकंटक एक्सप्रेस से रवाना होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा- ट्रेन से यात्रा का आनंद ही अलग होता है**

**अचानक अपने बीच देखकर प्लेटफार्म पर खड़े लोगों ने श्री साय का उत्साहपूर्वक किया अभिवादन**

**मुख्यमंत्री ने गर्मजोशी से सभी से मुलाकात कर बातचीत की**





**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अब ट्रेन से भी प्रदेश के विविध क्षेत्रों का दौरा करेंगे। यह निर्णय श्री साय ने उस वक्त अचानक लिया जब बिलासपुर में आयोजित कवि सम्मेलन में शामिल होने के लिए बिलासपुर जाने की तैयारियों की बात चली। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेन यात्रा मेरे लिए नई नहीं है। विधायक एवं सांसद रहते हुए मैने अनेक बार ट्रेन यात्रा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेन से यात्रा करने का आनंद यह है कि बहुत से नए लोगों से परिचय होता है, उनसे आत्मीय मुलाकात होती है और ऐसा लगता है कि बहुत बड़े परिवार के साथ यात्रा पर जा रहे हों।

श्री साय आज शाम अमरकंटक एक्सप्रेस से रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना हुए। वे मुख्यमंत्री निवास से कार द्वारा रेल्वे स्टेशन पहुंचे। वहां बिना विशेष ताम झाम के प्लेटफार्म तक पहुंच गए। मुख्यमंत्री को अचानक प्लेटफार्म पर देखकर लोगों की खुशियों का ठिकाना न रहा। उन्होंने उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का अभिवादन किया, श्री साय ने भी गर्मजोशी से उनसे मुलाकात कर बातचीत की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि ट्रेन की यात्राएं हमेशा खास होती है। रेल यात्राओं की आम भारतीय के जीवन में खास जगह है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज अमरकंटक एक्सप्रेस से रायपुर से बिलासपुर की यात्रा को लेकर खासे उत्सुक दिखे। वे प्लेटफार्म पर बैटरी चलित कार छोड़ आम यात्रियों की तरह प्लेटफॉर्म पर पैदल चले और ट्रेन से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। उन्होंने आम यात्री की तरह मूंगफली खाते हुए देशी अंदाज में कहा कि इसके बिना भारतीयों की रेल यात्रा पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि ट्रेन सार्वजनिक संपत्ति है और ट्रेन की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही यात्रियों को जागरूकता का परिचय देते हुए ट्रेन में खाने के बाद मूंगफली के छिलके इधर उधर नहीं फेंकने चाहिए जिससे अन्य यात्रियों को परेशानी न हो। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा मैंने ट्रेन से खूब यात्राएं की है और यात्रियों के साथ उन्होंने इससे जुड़े कुछ मजेदार किस्से और अनुभव भी साझा किए।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के साथ इस यात्रा के दौरान रेलवे के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने रेलवे में हुए नवाचार और यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के शासनकाल में रेलवे की सुविधाएं बेहतर हुई है। यात्री सुविधाएं बढ़ी हैं और लगातार इसका विस्तार भी हो रहा है।

### मुख्यमंत्री साय की सरलता और आत्मीयतापूर्ण वार्तालाप ने रेलयात्रियों का जीता दिल



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की रायपुर से बिलासपुर ट्रेन यात्रा के दौरान उनकी सहजता एवं सरलता ने यात्रियों का दिल जीत लिया। उन्होंने यात्रियों से आत्मीय चर्चा के दौरान कहा कि मेरी यात्रा का उद्देश्य यही है कि मैं आमजन के मन में क्या है, उनकी सरकार से इच्छा और अपेक्षाएं क्या है,यह जान सकूं। हमारी सरकार के काम को लेकर लोग क्या सोचते हैं, इसको जानने का यह यात्रा मुझे अच्छा अवसर देगी, इसीलिए मैंने बिलासपुर जाने के लिए ट्रेन का सफर चुना। बातचीत के दौरान उन्होंने यात्रियों से कुशलक्षेम पूछते हुए सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी चर्चाएं भी की। मुख्यमंत्री ने 65 वर्षीय श्रीमती रेखा पाली से बातचीत के दौरान उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क इलाज की सुविधा का जिक्र भी किया। इस खास मौके पर श्रीमती रेखा ने मुख्यमंत्री को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट की। मुख्यमंत्री ने भिलाई से जबलपुर की यात्रा कर रहीं यात्री 45 वर्षीय शिखा से भी बात की। उन्होंने महतारी वंदन योजना से जुड़ी जानकारी उनके साथ साझा की।

## अजित पवार चुने गए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक दल के नेता



**मुंबई (आरएनएस)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने रविवार को पार्टी अध्यक्ष अजित पवार को विधानसभा में पार्टी का नेता चुना।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और लोकसभा सांसद सुनीत तटकरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में अजित पवार को विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया। वहीं अनिल पाटिल को फिर से मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर राकांपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे और अधिकांश नवनिर्वाचित विधायक उपस्थित थे। वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने कहा कि एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले को अपनी पार्टी द्वारा बारामती विधानसभा सीट पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ युगेंद्र पवार को मैदान में उतारने के लिए माफी मांगनी चाहिए। एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार ने अपने पारंपरिक बारामती निर्वाचन क्षेत्र से अपने भतीजे और एनसीपी (एसपी) उम्मीदवार युगेंद्र को एक लाख से अधिक मतों से हराया। शनिवार को घोषित 288 सदस्यीय राज्य चुनाव के परिणामों के अनुसार अजित पवार की पार्टी ने 59 सीटों पर चुनाव लड़कर 41 सीटें जीती और 9.01 प्रतिशत वोट हासिल किया। यह नतीजे 2024 के लोकसभा चुनावों में एनसीपी के खराब प्रदर्शन के बिल्कुल विपरीत था, जिसमें पार्टी को राज्य में चार में से केवल एक सीट मिली थी। बड़ी जीत हासिल करने के बाद महायुति अगले तीन दिनों के भीतर सरकार बनाने जा रही है और जीतने वाले विधायकों को तुरंत मुंबई में इकट्ठा होने के लिए कहा गया है।

## मुख्यमंत्री साय ने पुलिस जवानों के साथ सुनी मन की बात



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज पुलिस मैस रायपुर में पुलिस जवानों के साथ मन की बात में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री जी ने मन की बात में बताया कि ओमन में भारतीय मूल के लोग किस तरह अपनी संस्कृति को सहेज कर रखे हैं। स्लोवाकिया में भारतीय उपनिषद का हिंदी में अनुवाद किया गया है। श्री मोदी ने यह भी बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का असर विदेशों में भी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से मोदी जी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाने और गौरैया के संरक्षण का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट के संबंध में भी प्रधानमंत्री जी ने लोगों को जागरूक किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हर माह देशवासियों से रूबरू होते हैं और नई-नई जानकारियां साझा करते हैं। नवाचारों के बारे में भी बात करते हैं जिनका फायदा देश को होता है।

## संसद सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, अडानी मामले पर चर्चा के लिए अड़ी कांग्रेस, हंगामे के आसार

**संसद सत्र आज से, 16 विधेयक किए जाएंगे पेश**



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। कांग्रेस ने अडानी समूह पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा की मांग की है। विपक्षी दल मणिपुर, प्रदूषण और रेल हादसों पर भी चर्चा चाहता है। शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में 16 विधेयक पेश किए जाएंगे। इनमें वक्फ संशोधन विधेयक भी शामिल है।

कांग्रेस ने संसद में अडानी समूह पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा की मांग की है व गौतम अडानी पर भारतीय अधिकारियों को 2,300 करोड़ रुपये की रिश्वत देने का आरोप है।

विपक्षी दलों ने मणिपुर मुद्दे, उत्तर भारत में प्रदूषण और रेल दुर्घटनाओं पर चर्चा की मांग वक्फ संशोधन विधेयक समेत 16 बिल सूचीबद्ध शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के लिए वक्फ संशोधन विधेयक समेत 16 विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं। विपक्ष के कई नेताओं ने कहा है कि वे अडानी पर लगे आरोपों का मुद्दा संसद में उठाएंगे। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराए जाने की मांग की है। बैठक में संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर 26 नवंबर को संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर भी चर्चा होने की संभावना है। लंबित विधेयकों में वक्फ (संशोधन) विधेयक भी शामिल है जिसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति द्वारा लोकसभा में अपनी रिपोर्ट सौंपने के बाद विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के आखिरी दिन अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है।

**जगदंबिका पाल पर बैठकों में बाधा डालने का आरोप :** समिति के विपक्षी सदस्य समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समयसीमा बढ़ाए जाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समिति के अध्यक्ष और भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल समिति की बैठकों में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से हस्तक्षेप करने की मांग की है। वर्ष 2024-25 के लिए 'अनुदानों की अनुपूरक मांगों के प्रथम बैच' पर प्रस्तुति, चर्चा और मतदान को भी सूचीबद्ध किया गया है। सरकार की ओर से सूचीबद्ध अन्य विधेयक पंजाब न्यायालय (संशोधन) विधेयक है। इसके अलावा, तटीय नौवहन विधेयक और भारतीय बंदरगाह विधेयक को भी पेश और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक सहित 8 विधेयक लोकसभा में लंबित हैं और 2 अन्य विधेयक राज्यसभा में लंबित हैं। -**कमल नयन नारंग**

## पीएम मोदी और सीएम नीतीश की जोड़ी पर जनता का भरोसा बरकरार: जीतन राम मांझी

**गया (आरएनएस)।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने महाराष्ट्र और बिहार में एनडीए के शानदार प्रदर्शन के लिए पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार का आभार जताया है. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के चमत्कारी नेतृत्व में हमने बड़ी जीत दर्ज की है. सीएम नीतीश कुमार के प्रयास और डबल इंजन सरकार के कामों की वजह से हमने बिहार की चारों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है. आगामी 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी और जीत दर्ज करेगी. उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की जनता का भरोसा पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार पर कायम है. विपक्ष के भ्रामक प्रचार को जनता ने खारिज कर दिया है. लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने जनता को गुमराह करने का काम किया।

## सौ.कां. श्रीया संग चि. सिद्धांत का शुभ पाणिग्रहण संस्कार समारोह सौल्लास सम्पन्न





**नागपुर (विश्व परिवार)।** तुमसर महाराष्ट्र निवासी, वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यवसायी महेंद्र क्लॉथ स्टोर की संचालक कीर्ति शेष श्री महेंद्र कुमार जैन श्रीमती अंजना देवी जैन की सुपौत्री एवं श्री शैलेंद्र जैन श्रीमती सुनीता जैन की सुपुत्री सौ. का. श्रीया का शुभ पाणिग्रहण संस्कार बेंगलुरु निवासी कीर्ति शेष श्री विवेक जैन एवं श्रीमती सुरभि जैन के सुपुत्र चि0 सिद्धांत के साथ गत दिवस नागपुर कापसी स्थित श्री बड़ी मारवाड महेश्वरी भवन में उल्लास पूर्वक संपन्न हुआ।

विवाह महोत्सव में उभय पक्ष के सगे संबंधी जनों, शुभचिंतकों, इष्ट मित्रों, समाजसेवियों व्यापारियों आदि ने सम्मिलित होकर नव-वधू के अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

आगत जनों का स्वागत श्री चक्रेश श्रीमती कल्पना जैन, श्री आनंद जैन श्रीमती दीप्ती जैन, श्री आलोक जैन श्रीमती सुरुचि जैन, श्री मनीष जैन श्रीमती पूजा जैन, सैंकी जैन समग्र जैन वरांग जैन आदि द्वारा किया गया।

दैनिक विश्व परिवार झांसी रायपुर परिवार नव वर-वधू के सुखी, उल्लासमयी सुदीर्घ भावी दांपत्य जीवन हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

**मुख्यमंत्री दैनिक नवप्रदेश के बिलासपुर संस्करण के 10वें स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल**

## पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को किया सम्मानित**





**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान लखीराम आडिटोरियम में दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र समूह के बिलासपुर संस्करण के 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, और इसका महत्व तभी सार्थक होता है जब यह समाज के हर वर्ग की आवाज को सामने लाए। आज इस कार्यक्रम में हर विधा के प्रतिष्ठित लोगों का सम्मान सामाजिक सरोकारों की कसौटी है। समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को शाल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इनमें बिरहोर समाज के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले जशपुर निवासी सरल हृदय के धनी पद्मश्री श्री जागेश्वर यादव, साहित्यकार डॉ. सतीश जायसवाल, सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी, कत्थक नृत्यगुरु सुश्री वासंती वैष्णव, वरिष्ठ पत्रकार श्री नथमल शर्मा, कवि एवं साहित्यकार श्री रामकुमार तिवारी, व्यवसाय जगत के श्री कमल सोनी, सेवाकार्य से जुड़े श्री पीयूष श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार श्री सुशील शुक्ला, श्री संस्कार अग्रवाल, श्री विक्रम सिंह ठाकुर, बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री इरशाद अली शामिल हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर के छोटे से गांव के रहने वाले पद्मश्री से विभूषित श्री जागेश्वर यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्पति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले बिरहोर जनजाति वर्ग के उत्थान में लगा दिया। वे पैदल ही बिरहोर बहुल गांवों में जाकर शासन की योजनाओं की जानकारी देते हैं और उन्हें जागरूक करने का कार्य करते रहे हैं। जशपुर, रायगढ़, कोरबा सहित अन्य जिलों में वे काफी लोकप्रिय हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में नवप्रदेश संस्था व कल्याणी संस्था के मध्य नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता हेतु एमओयू किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के समय मे प्रिंट मीडिया का काम चुनौती पूर्ण है। उन्होंने नवप्रदेश के बिलासपुर संस्करण के 10वें स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री ने समारोह में सम्मानित होने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को भी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## काशी स्पाइन हॉस्पिटल का मुख्यमंत्री विष्णूदेव साय ने किया लोकार्पण





**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के शंकर नगर में काशी स्पाइन हॉस्पिटल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री मोती लाल साहू और श्री पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक श्री विजय अग्रवाल, अस्पताल परिवार के श्री संतोष अग्रवाल, श्री लीलाधर सुल्तानिया, डॉ. विमल अग्रवाल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अस्पताल के संचालकों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

दैनिक
# विश्व परिवार

रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार

रायपुर, सोमवार 25 नवम्बर 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## अनूपपुर-कटनी तीसरी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत नौरोजाबाद स्टेशन यार्ड का मॉडिफिकेशन

### नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर तीसरी लाइन चालू होने से कनेक्टिविटी बढ़ेगी : बेहतर गतिशीलता और दक्षता आएगी

### तीसरी रेल लाइन के साथ नौरोजाबाद स्टेशन पर एक अतिरिक्त प्लेटफॉर्म की उपलब्धता से यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** कटनी रेल मार्ग भारतीय रेलवे के महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है, जो छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से मध्य प्रदेश के कटनी तक फैला हुआ है। यह रेल मार्ग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आता है और विभिन्न महत्वपूर्ण शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ता है। अनूपपुर-कटनी रेल खंड छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख शहरों बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़ से होकर कटनी के रास्ते उत्तर भारत तक जाने वाले महत्वपूर्ण मार्ग का भी हिस्सा है। देश में हो रही आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के साथ-साथ रेल यातायात में भी वृद्धि हुई है और यह भविष्य में और भी बढ़ेगी। रेल यातायात में बढ़ोत्तरी से उत्पन्न होने वाली दबाव का असर रेलवे के सम्पूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ रेल की गति को भी प्रभावित करती है, और इसलिए क्षमता वृद्धि की आवश्यकता उत्पन्न हुई है। क्षमता वृद्धि के लिए रेल लाइनों की संख्या बढ़ाने के कार्यों को मंजूरी दी गई है और इसके निर्माण के लिए सरकार द्वारा लागत राशि उपलब्ध कराया गया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मुख्य रूप से क्षमता वृद्धि का कार्य बिलासपुर-झारसुगुड़ा 206 किलोमीटर चौथी लाइन, राजनांदगांव-कलमना (नागपुर) 228 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन तथा अनूपपुर-कटनी 165 किलोमीटर तीसरी लाइन का कार्य किया जा रहा है।



अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन कार्य- वर्तमान में अनुपपुर-कटनी तीसरी लाइन परियोजना के अंतर्गत अनुपपुर से कटनी, के मध्य 165.52 कि.मी. तीसरी लाइन का निर्माण लगभग 1680 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत अब तक 101 कि.मी. तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इसी कड़ी में नौरोजाबाद स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए दिनांक 24 से 30 नवंबर, 2024 तक यार्ड मॉडिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है।

मौजूदा स्टेशन में एक लाइन जोड़ने में स्टेशन के लेआउट में बदलाव शामिल होता है। यह बदलाव एक विशेष संरक्षा स्थिति के तहत किया जाता है जिसे नॉन-इंटरलॉकिंग कहा जाता है। संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान ट्रेनों का संचालन कुछ गतिप्रतिबंध के साथ सीमित मार्गों पर किया जाता है। उदाहरण के लिए, सामान्य परिस्थितियों में एक ट्रेन को स्टेशन पार करने में 3-4 मिनट लगते हैं, लेकिन ऐसे यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान इसमें 20-25 मिनट समय की आवश्यकता पड़ती है। इस स्थिति में बहुत कम संख्या में सीमित ट्रेनों का परिचालन संरक्षा के मापदंडो को पूरा कराते हुए किया जा सकता है।

नौरोजाबाद स्टेशन पर यार्ड मॉडिफिकेशन कार्य के दौरान लगभग 600 से अधिक मजदूरों सहित रेलवे के विभिन्न विभागों के लगभग 50 इंजीनियर/रेलकर्मी व 8 अधिकारी दिन-रात कार्य को संपादित करेंगे। इन कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न मशीनरी जैसे ञ्ज-28, बीसीएम, सीएसएम, यूनिमैट मशीन, पोकलेन, क्रेन, टॉवर वैन आदि भी तैनात किए गए हैं। यह टीम न केवल पॉइंट्स, ओएचई पोर्टल्स और ओएचई खंभो को हटाएगी, बल्कि पॉइंट्स एण्ड क्रासिंग की स्थापना और लूप लाइन की स्लीविंग भी करेगी, साथ ही नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य भी किया जाएगा। कार्य के दौरान 06 लाइन, 2 साइडिंग, 114 रूट, 28 सिग्नल, 3 प्वाइंट एण्ड क्रासिंग पर कार्य किया जाएगा।

## अंतरिक्ष ज्ञान अभियान पहुंचा खनिज निधि न्यास मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान

**संकल्प जशपुर और कुनकुरी के विद्यार्थियों ने बढ़ाई अंतरिक्ष विज्ञान पर अपनी समझ**

### कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा जिले में शुरू किया गया है अन्वेषण कार्यक्रम

### अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी नाम रोशन करेंगे जशपुर के विद्यार्थी : प्राचार्य विनोद गुप्ता



**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास की पहल पर जशपुर जिले में खगोल विज्ञान एवं अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने और प्रोत्साहन के लिए प्रतिदिन तीन विद्यालयों में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान की गाड़ी विशेषज्ञों के साथ पहुंच रही है। जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक कुमार और जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान की गाडी पहुंची। उत्सुकता के साथ प्रतीक्षारत बच्चों को विशेषज्ञों ने भारत में निर्मित मंगलयान, पी एस एल वी, एल एम वी, जी एस एल वी के मॉडल्स, टेलीस्कोप आदि के माध्यम से एवं अंतरिक्ष यात्री के मॉडल से सुसज्जित गाडी तथा नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलयम्स के साथ कई जानकारियाँ दी। उन्होंने बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। विशेषज्ञ के रूप में शिव भदौरिया, प्रेम एवं सुभाष की टीम सभी विद्यालयों में जा रही है।

रविवार को संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के हाल में कक्षा 9वी से 12वीं के सभी विद्यार्थियों को अंतरिक्ष ज्ञान से संबंधित जानकारियां दी गई। जिसमें रॉकेट लॉन्चिंग के स्टेप्स, सेटेलाइट की कार्य प्रणाली, सेटेलाइट और प्रक्षेपक यान के विभिन्न मॉडल्स और प्रक्षेपण के चरणों में ईंधन के उपयोग सम्मिलित है। संकल्प के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने कहा कि जशपुर के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्हें विश्वास है अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी जिले के विद्यार्थी आगे आएंगे। और जिले को गौरवान्वित करेंगे। संकल्प कुनकुरी के प्राचार्य वाई आर कैवर्त ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में स्पेस साइंस में अवश्य रुचि बढ़ेगी और आने वाले समय में जशपुर से भी विद्यार्थी इस क्षेत्र में अपना करियर बनाएंगे। दोनों विद्यालयों के कार्यक्रम में शिक्षक अरविन्द मिश्रा, राजेंद्र प्रेमी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और लगभग 400 बच्चे उपस्थित रहे।

## पेंशनर एसोसिएशन की कार्यकारिणी का हुआ गठन, पूर्व तहसील व जिला अध्यक्ष को मिला अगला कार्यकाल



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** पंचशील नगर स्थित योगभवन मे पेंशनर एसोसिएशन छ ग प्रदेश के महामंत्री डी पी जैन क़ी अध्यक्षता मे जिला व तहसील इकाई का गठन किया गया. जिलाध्यक्ष प्रो एस एम पाध्ये व तहसील अध्यक्ष एस डी पड़वार को पूर्व कार्यकाल क़ी सफलताओं व उपलब्धियों को ध्यान मे रखते हुए दोनों को अगले कार्यकाल क़ी जिम्मेदारी सौपने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया. तदनुसार आगामी 3 वर्षो के लिए एस एम पाध्ये व एस डी पड़वार अध्यक्ष मनोनीत हुए. एस एम पाध्ये ने जिले क़ी कार्यकारिणी घोषित क़ी. कार्यकारी अध्यक्ष डॉ जयनारायण केशरवानी व के एल महिला को मनोनीत किया गया. तहसील अध्यक्ष नियमावली के अनुसार जिले के उपाध्यक्ष होते हैँ अत: कसडोल के आत्माराम साहू, भाटापारा के खुमान सिंह वर्मा व बलौदाबाजार के एस डी पड़वार जिले के उपाध्यक्ष बनाये गए. जिला सचिव हेमंत श्रीवास्तव हुए. इसी तरह तहसील कार्यकारिणी क़ी भी घोषणा की गई. तहसील के कार्यकारी अध्यक्ष बलराम डहरिया बनाये गए. तहसील सचिव के के वर्मा बने हैँ. कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महामंत्री डी पी जैन ने संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला व नव नियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व बोध कराया. उन्होंने सभी पेंशन रों को अपना जीवित प्रमाणपत्र अपने सबंधित बैंकों मे शीघ्र जमा कर निर्बाध पेंशन पाते रहने का निर्देश दिया. जिलाध्यक्ष एस एम पाध्ये ने सायबर अपराध के विषय मे विस्तृत जानकारी दी व उससे बचने के उपाय बताये. तहसील अध्यक्ष एस डी पड़वार ने धन्यवाद ज्ञापन किया. पेंशनर एसोसिएशन बलौदाबाजार के संस्थापक सदस्य व अध्यक्ष रहे मौजी राम वर्मा तथा सदस्य एस सी जायसवाल के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनिट का मौन रखा गया. इस अवसर पर एस पी पाण्डेय, राजेंद्र मिश्रा, काशीराम साहू, ए. के. ध्रुव, शोभा राम पटेल, देवेंद्र वैष्णव, खुमान सिंह वर्मा, आत्माराम साहू, गजाधर साहू, दाऊ राम वर्मा, आर आर उपाध्याय, भंवर सिंह साहू, श्रीमती वीणा साहू, लता कश्यप, ड़ॉ निशा झा, डी शर्मा, सरोज गुप्ता, सरोज पटेल, सुषमा पवार उपस्थित थी.

## बलौदाबाजार की साहित्यिक संस्था साहित्य सुमन द्वारा मासिक गोष्ठीश्री रमाकांत झा के निवास पर आयोजित की गई



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** बलौदाबाजार की साहित्यिक संस्था साहित्य सुमन द्वारा मासिक गोष्ठीश्री रमाकांत झा के निवास पर आयोजित की गई। इस गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष डॉ उमाकांत मिश्र के प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर विशेष रूप से अभिनंदन किया गया।काव्य गोष्ठी का आरंभ कीरत राम पटेल की सरस्वती वंदना से हुई।उन्होंने नशामुक्ति और पर्यावरण पर रचना पाठ किया। डॉ भारत नामदेव और डॉ टेकराम साहू ने सरस छत्तीसगढ़ी रचना से जोरदार तालियां बटोरी। दिलीप वर्मा की प्रवाहशील रचनासे श्रोता मोहित होगए।श्री रमाकांत झा ने नाप तौल पर आधारित वैज्ञानिक कविता सुनाकर सबको चकित कर दिया।कवयित्री मंजूषा मन ने दीवाली के बाद दिए की कथा पर तथा आंगन बहरा दीवारे गूंगी कविता की धारदार प्रस्तुति दी।शिक्षिका डॉ तुलेश्वरी वर्मा ने कौन ला के दही वो दिन शीर्षक से बचपन पर आधारित प्रभावी रचना पाठ की। अध्यक्ष डॉ उमाकांत मिश्र ने अब अंधेरा बढ़ रहा है लोक में, तुम उजाला के लिए आगे बढ़ो के द्वारा छात्रों को संदेश दिया। डॉ निशा झा अवकाश प्राप्त प्राचार्य ने कविता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी कवियों को धन्यवाद दिया। आयोजन में रामकुमार पटेल व्याख्याता और छात्र भूपेंद्र की भूमिका सराहनीय रही।

### नवापारा पीएम श्री हरिहर विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 76वॉं एनसीसी स्थापना दिवस

**नवापारा राजिम ( विसं )।** स्थानीय पीएम श्री हरिहर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यमिक विद्यालय में रविवार को 76वां एनसीसी दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. उक्त आयोजन मे नवापारा, राजिम विद्यालय सहित शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम क़े सैकड़ो एनसीसी कैडेटो उपस्थित थे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सौरभ जैन (सिंटू) अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति पीएम श्री हरिहर नवापारा थे. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सविता मिश्रा प्राचार्य, शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम आदि उपस्थित थे।


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **शैलेंद्र कुमार जैन**, पिता श्री प्रकाश चंद्र जैन निवासी ई 132 सेक्टर-5 देवेंद्र नगर रायपुर, (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपने पुराने नाम को त्याग कर नया नाम **शैलेंद्र जैन,** पिता श्री प्रकाश चंद्र जैन रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **शैलेंद्र जैन** के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

**शैलेंद्र जैन**
**ई 132, सेक्टर 5 देवेंद्र नगर रायपुर, ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone4@gmail.com**

**पत्र क्र./15942/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 23-11-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 15942**
**वार्ड का नाम-57-पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **57** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447D0175A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ASHA UDHAWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAHLAD UDHAWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **जितेन्द्र चंदनानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **नारायण दास चंदनानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone4@gmail.com**

**पत्र क्र./15939/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 23-11-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 15939**
**वार्ड का नाम-57-पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **57** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447E00385** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MRS. RANU DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AMAR LAL KHETPAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1 **गीता बजाज 2 कुनाल बजाज** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दोनों पति / पिता अशोक बजाज** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
**आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर**
**Email ID - rmczone6@gmail.com**

**पत्र क्रं./15795/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024**
**रायपुर दिनांक : 22-11-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 15795**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **60** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F01334** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SATISH SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. MUKUND LAL SONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **TRIVENI DEWANGAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O DHANIRAM DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## PUBLIC NOTICE

**U/S 72 of Indian Partnership Act, 1932**

Be it known to all that Smt. Trishla Pandey D/o. Shri Navin Kumar Pandey has been admitted as partner in the partnership firm M/s Balaji Fintrade, C/o The Royal Academy English School, Karmchari Colony, Kushalpur, Raipur, 492001, bearing firm registration no. D.R/338/2007-08 dated 23.10.2007 of 2007, with effect from. 01.06.2024. AND Shri Tushit Pandey S/o, Shri Navin Kumar Pandey has been retired as partner from the partnership firm M/s Balaji Fintrade, C/o The Royal Academy English School, Karmchari Colony, Kushalpur, Raipur, 492001, bearing firm registration no. D.R/338/2007-08 dated 23.10.2007 of 2007, with effect from. 01.06.2024.

Raipur (C.G.)
Date: 01.06.2024

**For, M/s BALAJI FINTRADE**
**(Jitendra Singh Thakur)**
**Partner**

## PUBLIC NOTICE

**U/S 72 of Indian Partnership Act, 1932**

Be it known to all that Smt. Trishla Pandey D/o. Shri Navin Kumar Pandey has been admitted as partner in the partnership firm M/s Balaji Developers, C/o The Royal Academy English School, Karmchari Colony, Kushalpur, Raipur, 492001, bearing firm registration no. D.R/344/2007-08 dated 24.10.2007 of 2007, with effect from. 01.06.2024. AND Shri Tushit Pandey S/o, Shri Navin Kumar Pandey has been retired as partner from the partnership firm M/s Balaji Developers, C/o The Royal Academy English School, Karmchari Colony, Kushalpur, Raipur, 492001, bearing firm registration no. D.R/344/2007-08 dated 24.10.2007 of 2007, with effect from. 01.06.2024.

Raipur (C.G.)
Date: 01.06.2024

**For, M/s BALAJI DEVELOPERS**
**(Jitendra Singh Thakur)**
**Partner**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 554 दिनांक 22.11.2024**
**वार्ड का नाम- छत्रपति शिवाजी वार्ड**
**वार्ड क्र. 15 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **15** मांग **पंजी क्र. 240 युआईडी 18970** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **जगमोहन टंडन / माखन टंडन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **हेमंत टंडन / जगमोहन टंडन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22-12-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 549 दिनांक 22.11.2024**
**वार्ड का नाम- छत्रपति शिवाजी वार्ड**
**वार्ड क्र. 15 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **15** मांग **पंजी क्र. 79 युआईडी 18806** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **सुखेलाल भारती / समारू भारती** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मंगलू भारती / सुखेलाल भारती** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22-12-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 550 दिनांक 22.11.2024**
**वार्ड का नाम- छत्रपति शिवाजी वार्ड**
**वार्ड क्र. 15 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **15** मांग **पंजी क्र. 79 युआईडी 18806** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **सुखेलाल भारती / समारू भारती** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **लीला भारती / परमेश्वर भारती** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22-12-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 551 दिनांक 22.11.2024**
**वार्ड का नाम- छत्रपति शिवाजी वार्ड**
**वार्ड क्र. 15 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **15** मांग **पंजी क्र. 256 युआईडी 18986** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **धरम दास / साधुराम** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **रानी महिलांगे / द्वारका महिलांगे** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22-12-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

**पत्र क्र./14368/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 13-09-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 14368**
**वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105A0036A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHRI NIRMAL SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TARA SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUKHVINDER SINGH BHAMRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NIRMAL SINGH BHAMRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

**पत्र क्र./15796/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 20-11-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 15796**
**वार्ड का नाम- 15 - ने. कन्हैयालाल बाजारी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108D00362** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **REKHA RAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **UMESH RAI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KANHAIYA LAL SIKHWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O KISHAN GOPAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

**पत्र क्र./15797/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 20-11-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 15797**
**वार्ड का नाम- 15 - ने. कन्हैयालाल बाजारी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108E00118** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRAKASH POUJA / PREM POUJA / MUKESH POUJA / KAMAL POUJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. ASIRAM POUJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 SAROJ SHARMA 2 MAMTA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O 1 SANJAY SHARMA, 2 SHAILESH SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

**पत्र क्र./15870/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024**
**रायपुर, दिनांक 21-11-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 15870**
**वार्ड का नाम- 15 - ने. कन्हैयालाल बाजारी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108C0143A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIRENDRA KUMAR DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANTHIR RAM DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUDAM DHADA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O HARIBANDHU DHADA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# संपादकीय

## भारतीय प्रवासियों के लिए चिंताजनक संकेत

ऐसा लगता है कि हालिया घटनाओं की रोशनी में कनाडा और उसके साथी देशों में राय बनी है कि भारत का अंदरूनी सांप्रदायिक टकराव अब निर्यात होकर उनके यहां पहुंच रहा है, जिससे आगे चल वहां कानून-व्यवस्था की बड़ी चुनौती पैदा हो सकती है। संकेत साफ हैं। चार नवंबर को कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में हिंदू समुदाय के लोगों ने जो शक्ति प्रदर्शन किया, उसने वहां के अधिकारियों के कान खड़े कर दिए हैँ। संभवत- इसी कारण उनका रुख सख्त हो गया है। इसकी पहली मिसाल ब्रैम्पटन के मेयर की सक्रियता में दिखी। स्पष्टत- उनकी ही पहल का परिणाम था कि गुरुद्वारों ने खालिस्तानी सिखों की तरफ हिंदू मंदिर के बाहर हुए उग्र प्रदर्शन की निंदा की। दूसरी तरफ हिंदू मंदिर प्रबंधन ने अपने मुख्य पुजारी को निलंबित किया, जिनके हेट स्पीच के वीडियो वायरल हुए थे। इसके एक ही दिन बाद खबर आई कि मंदिर प्रबंधन ने पुजारी से माफी पत्र लेकर पुजारी को बहाल कर दिया है। उधर उसी रोज इलाके पुलिस ने एलान किया कि भीड़ को भड़काने और कथित नफरती भाषण देने के आरोप में हिंदू समुदाय के तीन नेताओं' को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने और गिरफ्तारियों की संभावना जताई है। चर्चा है कि जिन भारतीय आव्रजकों के दस्तावेज दुरुस्त नहीं होंगे, उन्हें कनाडा से वापस भी भेजा जा सकता है। ब्रिटेन के लीस्टर शहर में सितंबर 2022 में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के बाशिंदों के बीच दंगे हुए थे। ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के कुछ शहरों में हिंदू-सिख तनाव और झड़पों की खबरें रही हैं। ऐसा लगता है कि इन तमाम घटनाओं की रोशनी में इन देशों में राय बनी है कि भारत का अंदरूनी सांप्रदायिक टकराव अब निर्यात होकर उनके यहां पहुंच रहा है, जिससे आगे चल वहां कानून-व्यवस्था की बड़ी चुनौती पैदा हो सकती है। गौरतलब है कि कनाडा की कार्रवाइयों को इन तमाम देशों का समर्थन हासिल है। उन देशों में बड़ी संख्या में रहने वाले भारतीय प्रवासियों के लिए यह चिंताजनक संकेत है। उनकी प्रतिष्ठा के लिए बड़ा जोखिम पैदा हो रहा है। भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता इस स्थिति को सुधारना होनी चाहिए। मगर नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता देश के अंदर अपनी मर्दाना छवि को पुख्ता करने की बनी हुई है। इस कारण खासकर कनाडा से संवाद करने और दोनों समुदायों के बीच मेलमिलाप के लिए उनकी तरफ से पहल की संभावना न्यूनतम ही है।

# पूरे विश्व के लिए आदर्श है 'सहकार से समृद्धि' का भारतीय दर्शन

–श्री अमित शाह/केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

सहकारिता एक ऐसी व्यवस्था है, जो समाज में आर्थिक रूप से आकांक्षी लोगों को न सिर्फ समृद्ध बनाती है, बल्कि उन्हें अर्थव्यवस्था की व्यापक मुख्यधारा का हिस्सा भी बनाती है। सहकारिता बिना पूँजी या कम पूँजी वाले लोगों को समृद्ध बनाने का एक बहुत बड़ा साधन है। सहकारिता के माध्यम से भारत इन लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

हमारे देश में सहकारिता की एक विस्तृत परंपरा तो रही है, लेकिन आजादी से पहले सहकारिता जिस प्रकार आर्थिक आंदोलन का माध्यम बनी, उसे और भी अधिक ऊर्जा और शक्ति के साथ आगे बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में शुरू हुआ। वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता का स्वायत्त मंत्रालय स्थापित कर सहकारिता के लिए अवसरों के सारे बंद दरवाजे खोल दिए। महज तीन वर्षों में देश में सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए जितने कदम उठाये हैं, उससे भारत अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ सहकारी क्षेत्र में भी 'विश्वमित्र' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

अब भारत का सहकारिता आंदोलन एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है। देश 25-30 नवंबर, 2024 को दिल्ली में 'अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) महासभा' और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी करने को तैयार है। आईसीए के 130 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका है, जब भारत इसका आयोजक होगा। इस सम्मेलन से संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का भी शुभारंभ होगा। आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी वैश्विक सहकारी आंदोलन में भारत के नेतृत्व की स्वीकार्यता का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद से निरंतर समाज के पिछड़े, अति पिछड़े, गरीब और विकास की दौड़ में पीछे छूट चुके लोगों के उत्थान की दिशा में कदम उठाये जा रहे हैं। मोदी सरकार मानती है कि यह परिवर्तन सहकारिता आंदोलन को मजबूत किये बिना नहीं हो सकता। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत ने सहकारी आंदोलन के पुनरुत्थान की दिशा में बड़े कदम उठाये हैं। कमजोर पड़ रही सहकारी संस्थाओं के सशक्तीकरण से लेकर उनके व्यापार को सरल बनाना, समितियों में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए मजबूत प्रशासनिक, नीतिगत और कानूनी उपाय किये गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र दिया है, जिसका उद्देश्य देश की सहकारी संस्थाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। देश में सहकारी तंत्र का विस्तार कर एक नया आर्थिक मॉडल खड़ा किया जा रहा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को पाँच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक साबित होगा। दुनिया के अन्य देशों के लिए यह एक विकास मॉडल के रूप में सामने आएगा।



भारत में प्राचीन काल से ही सहकारिता का एक समृद्ध इतिहास रहा है। इसके संकेत कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी मिलते हैं। दक्षिण भारत में भी 'निधियों' का प्रचलन सहकारी वित्तीय व्यवस्था की झलक प्रदान करता है। पाश्चात्य विचारों से प्रभावित कई अर्थशास्त्रियों ने 21वीं सदी की शुरुआत में ही यह चर्चा प्रारंभ कर दी थी कि सहकारिता का विचार आधुनिक युग में कालबाह्य हो गया है। मेरा यह स्पष्ट मानना है कि भारत जैसे 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में किसी 3 करोड़, 5 करोड़ या 10 करोड़ जनसंख्या वाले देशों का आर्थिक मॉडल उपयुक्त नहीं हो सकता। देश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए, आर्थिक विकास के सभी मानकों में वृद्धि के साथ-साथ यह आवश्यक है कि 140 करोड़ लोगों की समृद्धि हो, सभी व्यक्तियों को काम मिले और उन्हें सम्मान से जीने का अधिकार भी प्राप्त हो, और यह केवल सहकारिता के माध्यम से ही संभव है। देश के इतिहास में इसके कई उदाहरण भी हैं। अहमदाबाद डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक ने पिछले 100 वर्ष में 100 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। बैंक न केवल अपने एनपीए को शून्य पर बनाये रखने में सफल रहा है बल्कि उसके पास 6,500 करोड़ रुपये से अधिक की जमाराशि भी है। अमूल भी सहकारी आंदोलन का उल्लेखनीय उदाहरण है। वर्तमान में, इससे 35 लाख परिवार सम्मान और रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, और इन परिवारों की महिलाएँ अग्रिम पंक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। परिणामस्वरूप, आज अमूल का वार्षिक कारोबार 80,000 करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है। दिलचस्प बात यह है कि इन महिलाओं में से किसी ने भी 100 रुपये से अधिक का प्रारंभिक निवेश नहीं किया था।

सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में सरकार ने 60 से अधिक पहलों पर काम शुरू किया है। दशकों की उपेक्षा और प्रशासनिक कुरीतियों के परिणामस्वरूप अधिकांश प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) आर्थिक रूप से कमजोर और निष्क्रिय हो गई थी। सरकार ने पैक्स के कार्यक्षेत्र में विस्तार के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने का काम शुरू किया। इनके लिए नए बाय-लॉ अपनाने से अब पैक्स डेयरी, मत्स्य पालन, अन्न भंडारण, जन औषधि केंद्र आदि जैसे 30 से अधिक विविध क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने में सक्षम हुए हैं। तीन नई राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्यीय सहकारी समितियों के गठन से सहकारिता का क्षितिज और व्यापक हुआ है। राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड ने विदेशी बाजारों तक सहकारी उत्पादों की पहुंच को सुगम बनाया तो राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड ने जैविक प्रमाणीकरण और बाजार का मंच तैयार किया। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड ने उन्नत बीजों की सुलभता सुनिश्चित की है। वित्तीय सहायता, कर राहत और इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से सहकारी चीनी मिलें समृद्ध हो रही हैं। सहकारी बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने के लिए सहकारी संस्थाओं के पैसे को सहकारी बैंकों में ही जमा करने पर बल दिया गया है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के माध्यम से सहकारी समितियों को पारदर्शी बनाने और प्रक्रिया को आसान बनाने से देश के सहकारी रूप से कम विकसित क्षेत्रों में सहकारी समितियों की पहुंच बनी है। इसके अतिरिक्त सरकार एक समग्र और व्यापक नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति पर भी काम कर रही है।

आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन 2024 का मंच भारत के सहकारी आंदोलन द्वारा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने, आर्थिक सशक्तीकरण, लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति हेतु भारत के अभूतपूर्व प्रयासों को रेखांकित करेगा। सम्मेलन का एक मुख्य एजेंडा एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण है, जो सहकारी समितियों को उभरती चुनौतियों का सामना करने और अवसरों के उपयोग के लिए सशक्त बनाए।

आज जब हम इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी करने जा रहे हैं, मैं दुनिया भर के सहकारी नेताओं, नीति निर्माताओं और मानव विकास के पक्षधरों का आह्वान करता हूँ। आइए! हम वैश्विक सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए ह्ल सीखने, साझा करने और सहकार की भावना के साथ एकजुट हों। सहकार से समृद्धि के प्रति भारत की प्रतिबद्धता सामूहिक समृद्धि, सातत्यता और साझा प्रगति जैसे मूल्यों पर आधारित उज्वल भविष्य का संकल्प है।

# आलेख

## सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है

ओमप्रकाश मेहता

भारत की न्याय पालिका हमारे संविधान की मंशा के अनुरूप ही काम कर रही है तथा भारत का सर्वोच्च न्यायालय अमेरिका जैस नही है, जहां मामले दशकों तक लम्बित रहते है, हमारी ओर से दिन में जितने मामलों का निराकरण होता है उतने तो कई पश्चिमी देशों में एक वर्ष में भी नही दिया जाता ये उद्गार भारत की न्याय व्यवस्था व न्याय में कथित विलम्ब के आरोप पर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने व्यक्त किए, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है और उसे अपनी इस भूमिका का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कानून के अनुरुप करना चाहिए। उन्होंने न्याय पालिका से उस पर पक्षपात व न्याय संहिता के विपरीत काम करने के आरोपों पर अपना मन्तव्य व्यक्त किया। उन्होंने न्याय पालिका की प्रजतांत्र में अहम् भूमिका भी प्रतिपादित की। जस्टिस चंद्रचूड ने न्याय पालिका को स्पष्ट हिदायत दी कि उसे देश के सामने प्रतिपक्षी दल की भूमिका में कतई सामने नहीं आना है, क्योंकि न्याय पालिका ही वर्तमान प्रजातंत्र के तीन अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका में आज विश्वसनीय रही है तथा देश की जनता को सिर्फ और सिर्फ प्रजातंत्र के इसी अंग के प्रति विश्वास व निष्ठा शेष बची है। माननीय मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के इस दावे की सच्ची व ईमानदारी समीक्षा तो जनता के स्तर पर होगी, किंतु इसी बीच यह आरोप भी सच है कि देश की विभिन्न अदालतों में कई वर्षों से करोड़ों मामले लम्बित है इन अदालतों में सर्वोच्च न्यायालय भी शामिल है, यहां यह उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मुकदमों के निराकरण को शीघ्र व निश्चित समयसीमा में करने को सही तो बताया था लेकिन इसे असंभव भी करार दिया था, क्योंकि उनका सरकार पर स्पष्ट आरोप था कि करोड़ों लम्बित मामलों को निपटाने के लिए पर्याप्त न्यायाधीश, न्यायालय और अमला नही है, जिसकी सरकार पूर्ति नही कर पा रही है, यदि पर्याप्त अदालतें, न्यायाधीश व अमला हो तो लम्बित मामले शीघ्र ही निपाटाए जा सकते है। न्याय पालिका के इस जवाब पर केन्द्र सरकार पूरी तरह मौन है। अब यह समझ से परे है कि सरकार की इस मामले में दिलचस्पी क्यों नही है? यहां यह विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरकार पर पूरा ठीकरा फोडऩे के बजाए स्वयं उसे ही अपने स्तर पर इस दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए और चूंकि सर्वोच्च न्यायालय देश के उच्च न्यायालयों से लेकर जिला स्तर तक की अदालतों के लिए मार्गदर्शक बिन्दू है, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय को इस दिशा में आदर्श स्थापित करना चाहिए, फिर उसी का अनुसरण निचली अदालतें भी करेगी। फिर वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा करने वालों को आशा की कोई किरण नजर आएगी। किंतु अब फिर वही सवाल है कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को यह कहने को क्यों बाध्य होना पड़ा कि %%सुप्रीम कोर्ट को प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने की जरूरत नहीं'', उनका कहना था कि %%क्या यह किसी से भी छिपा है कि पिछले कुछ समय से सरकार के हर फैसले और यहां तक कि संसद से पारित प्रत्येक कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौति देने का सिलसिला निकल पड़ा है?' यदि सुप्रीम कोर्ट जनहित याचिकाओं के सहारे सरकार एवं संसद के हर फैसले की समीक्षा करेगा और यहां तक की कानूनों की वैधानिकता को परखे बिना उसके अमल पर रोक लगा देगा, जैसा कि कृषि कानूनों के बारे में हुआ था, तो फिर तो वह विपक्ष की भूमिका में ही नजर आएगा? यदि सर्वोच्च न्यायालय को जनता की अदालत के रूप में अपनी छवि को मजबूत करना है तो उसे संसद के हर फैसले की समीक्षा करना छोडऩा होगा और देश की जनता को तय समय पर शीघ्र व सस्ता न्याय देने की पहल करनी होगी, यही प्रजातंत्र की अपने इस अंग से अपेक्षा है।

# गंदे पानी और गंदी हवा गंदी राजनीति का प्रतिफल

अजीत द्विवेदी

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की भयावहता बताने के लिए वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के आंकड़े बताए जाते हैं। मीडिया में भी यही दिखाया जाता है कि एक्यूआई तीन से सौ ऊपर पहुंच गया तो ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी ग्रैप का दूसरा चरण लागू हो गया। एक्यूआई चार सौ पहुंच गया तो ग्रैप का तीसरा और साढ़े चार सौ से ऊपर हो गया तो चौथा चरण लागू हो गया। चौथे चरण में स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए। निर्माण और तोड़ फोड़ की गतिविधियां रोक दी गईं। बीएस 3 या बीएस 4 गाडियों पर पाबंदी लग गई। सड़कों पर पानी का छिड़काव हो रहा है आदि, आदि। लेकिन इनसे न तो प्रदूषण की वास्तविक भयावहता का पता चलता है और न यह पता चलता है कि लोगों की सेहत पर इसका क्या असर हो रहा है। यह भी पता नहीं चल पाता है कि सरकारें किस तरह से इसके लिए जिम्मेदार हैं और कैसे इसे ठीक करने के लिए वो कुछ नहीं कर रही हैं। सबसे पहले तो आंकड़े पर ही बात करें तो एक्यूआई की अधिकतम सीमा भारत में पांच सौ तय की गई है। यानी यहां स्केल ही पांच सौ का बनाया गया है। तभी किसी भी सरकारी उपकरण से मापने पर एक्यूआई पांच सौ से ऊपर नहीं आएगा। इस वजह से यह कंफ्यूजन हुआ कि आईक्यूएयर जैसे ऐप या दूसरे ऐप एक्यूआई 19 सौ या उससे ज्यादा बता रहे हैं तो किसको सही माना जाए। असल में निजी ऐप का कोई स्केल नहीं बनाया गया है तो हवा का प्रदूषण जितना बढ़ता जाता है उतना उसका सूचकांक ऊपर जाता है। लेकिन भारत में पांच सौ का स्केल बना दिया गया है तो सरकारी आंकड़ा उससे ऊपर जाएगा ही नहीं। पांच सौ है इसका मतलब है कि अधिकतम सीमा पहुंच गई है। लोग इसका मतलब इतना ही समझते हैं कि हवा सर्वाधिक प्रदूषण हो गई है। लेकिन असल में कितनी प्रदूषित हुई है और उसका क्या असर हो रहा है यह समझने के लिए आंकड़ों की बारीकी में जाना होता है। पुरानी कहावत है कि %ब्यूटी लाइज इन डिटेल्स' उसे ऐसे भी कहा जा सकता है कि %डेंजर लाइज इन डिटेल्स'। एक्यूआई मुख्य रूप से पार्टिकुलेट मैटर्स यानी पीएम से तय होता है। पार्टिकुलेट मैटर्स हवा में लटके हुए हानिकारक कण होते हैं, जो सर्दियों में प्रदूषण की वजह से नीचे आ जाते हैं और स्थिर हो जाते हैं। ये दो तरह के होते हैं। एक पीएम 10 है और दूसरा पीएम 2.5 है। 2.5 माइक्रोन से ज्यादा आकार के कणों को पीएम 10 कहा जाता है। ये थोड़े मोटे कण होते हैं, जो शरीर के लिए हानिकारक होते हैं लेकिन पीएम 2.5 बहुत बारीक कण होते हैं और शरीर को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाले होते हैं। 2.5 माइक्रोन से कम आकार वाले पार्टिकुलेट मैटर को पीएम 2.5 कहा जाता है। ये बड़ी आसानी से सांस के साथ शरीर में चले जाते हैं और फेफड़े व शरीर के दूसरे महत्वपूर्ण अंगों तक पहुंच कर उसको नुकसान पहुंचाते हैं। लंग्स कैंसर या दूसरे कई किस्म के कैंसर में इसका बहुत बड़ा योगदान होता है। इनसे 10 से 15 साल के बच्चों के फेफड़ों की काम करने की क्षमता 20 फीसदी तक कम हो रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली की अभी की हवा में बाहर अगर कोई एक घंटा भी सांस लेता है तो फेफड़े पर असर के साथ साथ हृदय रोग की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसका मतलब है कि पीएम 10 और पीएम 2.5 का ज्यादा मात्रा में शरीर के अंदर जाना सिर्फ फेफड़े को नुकसान नहीं पहुंचा रहा है, बल्कि हृदय सहित दूसरे महत्वपूर्ण अंगों को भी नुकसान पहुंचाता है। दिल्ली की हवा में इसकी मात्रा कितनी है, इससे वास्तविक खतरे का पता चलता है। सोमवार, 18 नवंबर को दिल्ली के मुंडका में हवा में पीएम 2.5 की सघनता 1,193 थी। यानी जहां पांच सौ के स्केल पर एक्यूआई पांच सौ दिखा रहा था वहां पीएम 2.5 की मौजूदगी प्रति घन मीटर हवा में 1,193 थी। नजफगढ़ में 1,117 और अशोक विहार में 1,083 थी। दिल्ली की हवा में प्रति घन मीटर पीएम 2.5 की औसत मौजूदगी नौ सौ से ऊपर थी। भारत सरकार ने तय किया है कि भारत में प्रति घन मीटर हवा में पीएम 2.5 की मौजूदगी अधिकतम 60 माइक्रोग्राम होनी चाहिए, जो कि दिल्ली में 19 गुना तक ज्यादा है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अधिकतम सीमा 15 माइक्रोग्राम तय की है और इस लिहाज से दिल्ली की हवा में पीएम 2.5 की मौजूदगी 74 गुना ज्यादा है। यानी विश्व स्वास्थ्य संगठन, डब्लुएचओ के मानक के मुताबिक प्रदूषण हवा से दिल्ली में लोगों की सेहत को 74 गुना ज्यादा खतरा है। इस बात को डॉक्टर लोग दूसरी तरह से समझाने की कोशिश करते हैं। वे बताते हैं कि दिल्ली की हवा में सांस लेने का मतलब है रोज 20 सिगरेट या 30 सिगरेट का धुआं अपने शरीर में भरना। एक आंकड़े के मुताबिक दिल्ली में इस समय हर आदमी प्रतिदिन औसतन 38 सिगरेट का धुआं अपने शरीर में भर रहा है। इसके बाद दूसरे स्थान पर जो शहर है वह हरियाणा है, जहां की हवा में सांस लेना हर दिन 25 सिगरेट पीने के बराबर है। सोचें, इसका क्या असर शरीर पर होता है। इस बात को समझने के लिए एक और मिसाल दी जा सकती है। याद करें 2016 की जनवरी में जब अमेरिका के तत्कालीन राष्टपति बराक ओबामा नई दिल्ली आए और तीन दिन रूके तो अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कूटनीतिक खबरों के साथ साथ एक हेडलाइन यह भी थी कि, %मिस्टर प्रेसिडेंड अपनी जिंदगी के छह घंटे कम हो गए'। दिल्ली की हवा में तीन दिन सांस लेकर उनकी जिंदगी का एक चौथाई दिन कम हो गया। यह नौ साल पहले की बात है। उसके बाद तो यमुना के पानी और दिल्ली की हवा में कई गुना ज्यादा जहर घुल गया है। हकीकत यह है कि एक्यूआई के आंकड़े, विजिबिलिटी के आंकड़े या डायवर्ट होने वाले विमानों की संख्या या देरी से चल रही ट्रेनों की संख्या से वायु प्रदूषण की भयावहता का पता नहीं चलता है। असल में यह बहुत भयावह संकट है, जिससे करोड़ों लोगों का जीवन खतरे में पड़ रहा है। लाखों बच्चे बचपन में ही सांस की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। हृदय रोग के मरीजों के जीवन पर संकट बढ़ रहा है। लाखों लोगों का जीवन दवा पर निर्भर होता जा रहा है।

# बदलाव की ओर कदम बढ़ाता बस्तर

विभूति नारायण राय

बस्तर में बाजार पहुंच गया है। बाजार तो पहुंचता ही पर माओवादियों ने इस प्रक्रिया को थोड़ा विलंबित कर दिया था। अब जब सशस्त्र संघर्ष के जरिये राज्य मशीनरी पर कब्जा करने का सपना अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, इस आंदोलन के धुर विरोधी भी मानते हैं कि यदि आदिवासियों ने हथियार न उठाए होते, तो इस बात की पूरी आशंका थी कि राज्य ने उन्हें हाड़-मांस का पुतला न समझकर सिर्फ संग्रहालयों में सजाकर रखने वाली चीज समझा होता। सुदूर जंगलों और पर्वतों पर फैले इनके गांवों को सड़कों, बिजली, स्कूलों या अस्पतालों की भी जरूरत हो सकती है, यह समझने में भारतीय राज्य को काफी समय लगा। पिछले एक हफ्ते से मैं पुराने बस्तर जिले में घूम रहा हूं। पिछले कुछ समय में यह सात जिलों में बंट चुका है। मुझे याद आता है, अपने छात्र जीवन का बस्तर, जो सैकड़ों मील दूर रहने वाले मुझ जैसों के लिए हकीकत से अधिक फसाना होता था। किसी शहरी के लिए आदिवासी एक खास तरह की रोमांटिक और सपनीली दुनिया के अंग होते थे। उन दिनों की लोकप्रिय पत्रिकाओं धर्मयुग और साप्ताहिक हिन्दुस्तान में हम नृत्य करते और चावल की शराब पीकर झूमते आदिवासियों को किसी दूसरे लोक का प्राणी समझते। विवाह पूर्व रिश्तों से जुड़ी उनकी संस्था 'घोटुल' हमें किसी कल्पना-लोक की चीज लगती थी। ऐसा लगता कि रात भर नाचते-गाते, ढोल-नगाड़ा बजाते और जंगलों में प्रकृति के सान्निध्य में खिलखिलाते वनवासियों के जीवन में कोई दुख नहीं है। यह तो अपने एक सहपाठी से पहली बार पता चला कि पत्रिकाओं के रंगीन पृष्ठों पर पसरी हंसती खिलखिलाती तस्वीरों वाले आदिवासियों के पीछे खड़े पहाड़ दुखों के हैं। जिन जंगलों में वे रहते हैं, उन पर कब्जा हत्यारों और बलात्कारियों का है। मेरे उस सहपाठी के पर-बाबा पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसी गांव से रोजी-रोटी की तलाश में निकलकर आज के बीजापुर जिले के जंगलों में छिपे किसी दुर्गम पहाड़ी गांव में बिला गए। वर्षों बाद जब वह एक सुबह अपने गांव में प्रकट हुए, तो उनकी गठरी-मोठरी में ग्रामीणों को चकित कर सकने वाली संपदा थी, जो उन दिनों के चलन के मुताबिक अलग-अलग अंगों पर चढ़े वस्त्रों में सावधानी से सिली हुई थी। इनके अलावा उनके पास कहानियों के खजाने थे, जो अलग-अलग वय के




लोगों के लिए अलग रंगों की दुनिया लिए हुए थीं। मसलन, बच्चों को यह रहस्य बड़ा मनोरंजक लगता कि आदिवासी इतने 'भोले' थे कि एक मुट्ठी नमक के बदले वे उनसे लढ़ी (बैलगाड़ी) भर चिरौंजी, इमली, शहद, लाख या तेंदू पत्ते ले लेते थे। कस्बों में मंडियां थीं, जहां तक वे माल पहुंचाते और फिर वहां से आढ़तिए उसे विशाखापत्तन या रायपुर ले जाते। बच्चों को दूर हटाकर वे अपने हमउम्रों को आंखें मटका-मटकाकर उन औरतों के बारे में बताते थे, जो पुलिस, जंगलात या राजस्व कर्मचारियों के साथ जबरिया या चुटकी भर नमक के बदले सोने के लिए अभिशप्त थीं। सहपाठी की बातें सुनकर पता चला कि तस्वीरों में मुस्कराते चेहरों के पीछे दुखों के पहाड़ थे। इस दुख से निजात की पहली कोशिश एक राजा ने की। उड़ीसा (अब ओडिशा) के किसी राज परिवार के वंशज को जगदलपुर का राजपाट मिला। उसी श्रृंखला के अंतिम राजा प्रवीर चंद्र भंजदेव ने, जिन्हें आदिवासी देवता मानकर पूजते थे, उन्हें संगठित करने की कोशिश की, पर वे भारतीय राज्य की संप्रभुता को चुनौती देते हुए 1966 की एक पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। आदिवासियों को उनके दुखों से मुक्ति दिलाने के सबसे गंभीर और निर्णायक प्रयास उस सशस्त्र आंदोलन के जरिये हुए, जो पश्चिम बंगाल में 1970 के दशक में नक्सलबाड़ी नामक एक छोटे से कस्बे से शुरू हुआ था। बंगाल में तो यह आंदोलन दो दशकों में खत्म हो गया, पर आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुराने मध्य प्रदेश और मौजूदा छत्तीसगढ़ के संधिस्थल पर अब भी हिचकियां ले रहा है। शुरुआती दौर में नक्सल नाम से चर्चित इस आंदोलन को बंगाल के बाहर माओवाद कहा गया। छत्तीसगढ़ का पूरा बस्तर प्रखंड इस आग में झुलसा और चार दशक लग गए माओवादियों को यह समझने में कि अब राज्य इतनी मजबूत संस्था में तब्दील हो गया है कि किसी एक कोने में सशस्त्र संघर्ष से उसे उखाड़ना तो दूर, हिलाया भी नहीं जा सकता। आज जब मैं वर्षों के अंतराल पर बस्तर के गांवों-कस्बों में घूम रहा हूं, तो स्पष्ट दिख रहा है कांकेर, कोंडागांव, जगदलपुर जैसे इलाकों में आंदोलन पूरी तरह से खत्म हो चुका है और दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर में अंतिम सांसें गिन रहा है। पिछले साल भर में डेढ़ सौ से अधिक माओवादी लड़ाके पुलिस मुठभेड़ों में मारे जा चुके हैं और अबूझमाड़ जैसे दुर्गम इलाकों में भी सड़कें और संचार के आधुनिकतम उपकरण पहुंच गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार


### अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराजकुलचाराम से बद्रीनाथ अहिंसा संस्कार पदयात्रा वर्धा महाराष्ट्र से

## वे मुर्ख लोग हैं जो गुजरे हुए वक्त को खोजते हैं: आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी



**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** वे मुर्ख लोग हैं- जो गुजरे हुए वक्त को खोजते हैं। समय धन से ज्यादा मूल्यवान उनके लिए है जिन्होंने समय की नसीहत को जाना और समझा है। धन आज है, कल जा भी सकता है और गया हुआ धन, वापिस भी आ सकता है। लेकिन जो समय हाथ से एक बार निकल गया वह कभी लौट कर वापिस नहीं आयेगा। समय जब बीत जाता है, तब हमें उसके महत्व का एहसास होता है। जब हम वक्त को यूं ही गुजारते हैं, या टाइम पास करते हैं तब दु:ख और अफसोस के अलावा हमारे पास कुछ नहीं बचता। जो समय का सदुपयोग करता है वह धनवान, बुद्धिमान, और बलवान बन जाता है। जो समय का सम्मान करता है, समय उसका ज़िन्दगी भर सम्मान कराता है। इसलिए कहते हैं ना - समय बड़ा बलवान। समय के आगे किसी की नहीं चलती। समय राजा को रंक और रंक को राजा बना देता है। इसलिए कभी सफलताओं पर घमंड नहीं करना चाहिए। हर व्यक्ति के जीवन में अच्छा बुरा वक्त जरूर आता है। इसलिए अच्छे वक्त में इतराना नहीं, बुरे वक्त में घबराना नहीं। क्योंकि बुरे वक्त की एक अच्छी बात है कि वह भी गुजर जाता है। यदि हम समय को बर्बाद करते हैं तो कल समय हमें भी बर्बाद कर सकता है। इसलिए जीवन की सफलता के लिए, समय, श्रम और सकारात्मक सोच का सम्मान करते रहना चाहिए। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## आत्मा से परमात्मा बनने की कला सिखाता है पंचकल्याणक: मुनिश्री सुप्रभसागर जी महाराज



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** अतिशय क्षेत्र बानपुर में 25 नवम्बर सोमवार से श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य श्रमण मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज, श्रमण मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज, आर्यिका श्री विजिज्ञासामती माता जी ससंघ के सान्निध्य में शुरू होने जा रहा है। महोत्सव 29 नवम्बर तक चलेगा। 25 नवम्बर को गर्भ कल्याणक महोत्सव में प्रातः घटयात्रा निकाली जाएगी, ध्वजारोहण होगा, यागमण्डल विधान, मुनिश्री के प्रवचन, आरती, सम्यक समाधान आदि कार्यक्रम होंगे। रविवार को मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज ने नया जैन मंदिर बानपुर में अपने प्रवचनों में कहा कि मनुष्य जन्म के सातिशय पुण्य से पंचकल्याणक मना पाते हैं। पंचकल्याणक, जैन धर्म में तीर्थंकर परमात्माओं की पांच महत्वपूर्ण घटनाओं को कहते हैं- गर्भ कल्याणक, जन्म कल्याणक, दीक्षा कल्याणक, केवल ज्ञान कल्याणक, मोक्ष कल्याणक। पंचकल्याणक को आत्मकल्याणक का मार्ग माना जाता है। इन घटनाओं के ज़रिए आत्मा से परमात्मा बनने की कला सीखी जा सकती है।पंचकल्याणक महोत्सव में कई तरह की विधियां होती हैं। आर्यिका विजिज्ञासामती माता जी के अपने सम्बोधन में पंचकल्याणक महोत्सव की महत्ता को प्रतिपादित किया। इस मौके पर ब्र. साकेत भैया, ब्र. राकेश भैया, ब्र. रूबी दीदी, प्रतिष्ठाचार्य पंडित मुकेश शास्त्री गुड़गांव, प्रतिष्ठाचार्य पंडित अखिलेश शास्त्री, पंडित दयाचंद जैन, पंडित संतोष शास्त्री सौरई, डॉ सुनील संचय, कैलाश शास्त्री आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# मनुष्य अपने जीवन में पैसा बहुत कमाता है और एक दिन यहीं छोड़कर चला जाता है : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** पैसा मनुष्य अपने जीवन में बहुत कमाता है और एक दिन इस पैसा को छोड़कर चला जाता है उपरोक्त उद्गार संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य भावना योग प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने मोहता भवन में गोकुल नगर दिगम्बर जैन मंदिर के जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रमुख पात्रों के चयन एवं कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह पर व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि स्वर्ग की संपूर्ण व्यवस्था को संचालित करने वाला सौधर्म इंद्र होता है एक वही है जो भगवान के पंचकल्याणक अर्थात गर्भ- जन्म-तप-केवलज्ञान तथा मोक्ष को साक्षात देख पाता है। संसार में साक्षात पंचकल्याणक देखने के लिये मनुष्य को भगवान के जन्म से आठ वर्ष पहले जन्म लेना होगा तथा भगवान के निर्वाण के पश्चात उसको जाना होगा यह सम्भव ही नहीं है, आप भगवान के साक्षात पंचकल्याणक तो नहीं देख सकते लेकिन हमने जो शास्त्रों में पड़ा और गुरुमुख से सुना आचार्यों ने यह व्यवस्था आपको मात्र पांच दिन में पांचों कल्याणक जिसमें आप भगवान के गर्भ- जन्म-तप- केवलज्ञान- एवं मोक्ष की क्रिआओं को देख सकते है, मुनि श्री ने कहा कि जैसे स्वर्ग में सौधर्म इंद्र के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता, उसी प्रकार पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में बिना सौधर्म इंद्र के कोई भी क्रिया संपन्न नहीं होती पात्र बने सौधर्म इंद्र का इतना तीव्र पुण्य होता है कि वह एक भव अवतारी होता है उसके साथ उसका सहयोगी कुवेर होता है जो उसका लोकपाल होता है, तथा महायज्ञनायक इस अनुष्ठान का कर्ता कहलाता है मुनि श्री ने कहा कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव को देखना और उसे अपने जीवनकाल में कर लैने से उसका मनुष्य जीवन सार्थक माना जाता है।जिसने अपने जीवनकाल में इन पंच मनोरथ को पूर्ण कर लिया उसका जीवन सफलीभूत माना जाता है, उसमें श्री सम्मेद शिखर की यात्रा, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव में भगवान के मातापिता, सौधर्म इंद्र की भूमिका, श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन करना शामिल है।

मुनि श्री ने महाभारत की कथा को सुनाते हुये कहा जिसके साथ प्रभु होते है उसको किसी प्रकार के वैभव की आवश्यकता नहीं होती वैभव खुद चलकर पास आ जाता है, चातुर्मास के अभूतपूर्व उत्साह के लिये सभी कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद देते हुये कहा कि जब किसी बड़े लक्ष्य की शुरुआत की जाती है तो मन में अपार उत्साह होता है और जब उस लक्ष्य की पूर्ती हो जाती है तो आनंद के साथ आकुलता भी साथ में नजर आती है और यह उत्साह और आकुलता आप सभी लोगों में नजर आ रही है। श्री सिद्धचक्र विधान और इसके पश्चात रथावर्तन महामहोत्सव आनंद की चरम सीमा थी इंदौर का यह चातुर्मास जितना सोचा था उससे कंही अधिक खरा उतरा है उन्होंने कहा कि साधू के चातुर्मास का मूल प्रयोजन आत्म हिताय आत्म सुखाय होता है और में मानता हूं कि इस चातुर्मास में परिवर्तन की बयार वही है हर किसी में सकारात्मकता नजर आ रही है। इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेग सागर महाराज ने अपने सम्वोधन में आचार्य गुरुदेव की लिखित सागर बूंद समाय की ये पक्तियाँ कहते हुये कहा कि जिस प्रकार बूंद बूंद के मिलन से जल में गति आ जाती है और वह नदि बन समुद्र में मिलकर अपनी यात्रा को पूर्ण करती है, उसी प्रकार साधू का जीवन रमता जोगी के समान होता है इस अवसर पर मुनि श्री संधान सागर महाराज सहित पूरा संघ मंचासीन था कार्यक्रम का संचालन अभयभैया एवं नितिन भैया ने किया प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान के मातापिता बनने का सौभाग्य तिलक नगर निवासी श्री मति मीना अनिल जैन रावत को मिला वंही सौधर्म इंद्र वैभवनगर के सौंधिया परिवार को मिला एवं महायज्ञ नायक मंगल नगर के विजय कुमार जैन भूमिका निभायेंगे। इस अवसर पर चातुर्मास के कार्यकर्ताओं तथा झांकिओं को पुरुषकार वितरण किया गया। मोहताभवन से 25 नवम्वर सोमवार को मुनिसंघ का मंगल विहार प्रातः 7 बजे माणक चौक की ओर होगा यंहा पर प्रातः 8:30 बजे नरसिंगपुरा दिगम्बर जैन समाज लाल मंदिर पर भव्य संत सदन का सिलान्यास होगा एवं मुनि श्री के प्रवचन होंगे तत्पश्चात मुनिसंघ की आहार चर्या राजवाड़ा से संपन्न होगी।धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी, महोत्सव अध्यक्ष नवीन आनंदगोधा महामंत्री हर्ष जैन ने सहित मीडिया प्रभारी राहुल जैन प्रवक्ता अविनाश जैन सहित समस्त नरसिंगपुरा दि.जैन समाज के पदाधिकारिओं ने सकल दि. जैन समाज इंदौर से कार्यक्रम में पधारने की अपील की है। **-अविनाश जैन**

## तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ जी के जन्म और निर्वाण कल्याणक पर जारी होंगे स्मारक सिक्के




**उदयपुर ( विश्व परिवार )।** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के 2900वें जन्म कल्याणक एवं 2800वें निर्वाण कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर 2024 को भारत सरकार द्वारा क्रमश: 900 और 800 रुपये के स्मारक सिक्के जारी किए जाएंगे। 18 नवंबर 2024 को भारत के राजपत्र में जारी अधिसूचना के अनुसार 44 मिलीमीटर के वृत्ताकार ये सिक्के शुद्ध चांदी के होंगे। सिक्के के अग्रभाग में 'सत्यमेव जयते' उद्घोष युक्त राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ एवं सिक्के का मूल्य 900 और 800 रुपये अंकित होंगे। सिक्के के पृष्ठभाग के मध्य में तीर्थंकर पार्श्वनाथ की मूर्ति की छवि एवं परिधि में हिंदी और अंग्रेजी में 'भगवान पार्श्वनाथ का 2900वाँ जन्म कल्याणक' एवं 'भगवान पार्श्वनाथ का 2800वाँ निर्वाण कल्याणक' अंकित होंगे। हिंदी व अंग्रेजी के नाम के बीच वर्ष '2024' अंकित होगा।

साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने बताया कि 2900 वर्ष पूर्व वाराणसी में जन्मे ऐतिहासिक तीर्थंकर पार्श्वनाथ का 2800 साल पहले सौ वर्ष की आयु में सम्मेद शिखर पर्वत पर निर्वाण हुआ था। उनकी आयु सौ वर्ष होने से पूर्णांक को इंगित करने वाले उनके दोनों कल्याणक एक ही वर्ष में हैं। डॉ. धींग ने बताया कि 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का पूरा परिवार तीर्थंकर पार्श्वनाथ का उपासक था। भारतीय चित्रकला, मूर्तिकला और मंदिर शिल्प के विकास में भगवान पार्श्वनाथ के चित्रों, मूर्तियों और मंदिरों का अतुलनीय योगदान है। श्रमण डॉ. पुष्पेंद्र ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ ने तत्कालीन समाज में व्याप्त हिंसा व आडंबर का प्रतिवाद किया था। उनकी शिक्षाएं अहिंसा, सत्य, अचौर्य और अपरिग्रह में आध्यात्मिकता और नैतिकता का मार्ग दिखाती हैं। इन सिक्कों के माध्यम से जैन धर्म की अमूल्य धरोहर और भारतीय संस्कृति की विविधता को विश्व स्तर पर प्रसारित करने का अवसर मिल सकेगा। इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए जैन समाज भारत सरकार एवं वित्त मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त करता है। ऐसे प्रयत्न हमारे धर्म और श्रेष्ठ परंपराओं का सम्मान बढ़ाने में निमित्त एवं भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं।

## श्रुतसंवेगी श्रमण श्री 108 आदित्यसागर जी महाराज ने कहा- जो दूसरों को हंसाते हैं वे जीवन भर मुस्कुराते हैं



**नांदणी ( विश्व परिवार )।** जयदु जिणिंदो महावीरों। चर्या शिरोमणी आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी के अनमोल रत्न श्रुतसंवेगी श्रमण श्री आदित्यसागर जी महाराज जी ने अपने प्रवचन में कहा कि, जो दुसरों को हसाते हैं, वो जीवन भर मुस्कुराते हैं। जो दुसरों को रुलाते हैं, वो जीवन भर रोते पाये जाते हैं। सहारा बनना सिखें, सहारा छिनना नहीं सिखें। सही बात है-जो करते हैं अच्छे काम, उन्हीं का होता है अच्छा नाम। गुरू एक सहारा हैं, जो कभी गिरने नहीं देता। गुरू एक विश्वास हैं, जो कभी टूटने नहीं देता। गुरू सब कुछ हैं, गुरू से ही हम सब हैं। सही बात है-गुरू से बढकर कोई मित्र नहीं, अगर जीवन में गुरू नहीं, तो सब कुछ होकर भी तुम्हारे पास कुछ भी नहीं।

यदि आप शांती और सुकून चाहते हैं। तो हर बात को दिल पर लेना छोड दें। ज्यादा सोचना भी कई बार विष की तरह जानलेवा हो जाता हैं। सही बात है-जिस दिन आत्मबल और मनोबल टूट जाते हैं, उस दिन बडे-बडे हौसले चकना चूर हो जाते हैं। खुद से एक निवेदन करना, कभी उदास मत होना। खुद से एक वादा करना कभी टूटकर मत बिखरना। खुद को एक सुझाव देना, दु :ख के पलों को भूल जाना। सही बात है-आपका सुधार और आपकी सुरक्षा आपके हाथो में है। इसलिये खुद से बातें करें। पैसों से सिर्फ सुविधायें मिलती हैं, सुख-शांती नहीं। सुख-शांती आपसी प्रीती, धैर्य और मधुर व्यवहार से मिलती है। सही बात है-उपाय सही हो तो कठीण चिजें भी सरलता से प्राप्त हो जाती हैं। आध्यात्मयोगी, चर्या शिरोमणि- पट्टाचार्यश्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज के प्रज्ञावंत शिष्य श्रुतसंवेगी श्रमणरत्न मुनि श्री 108 आदित्यसागर जी मुनिराज ससंघ का मंगल विहार धर्म नगरी कोटा से से अशोक नगर (म. प्र) की ओर चल रहा है। नमोस्तु शासन जयवंत हो। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## विषय कषाय से मुक्त हो कर आत्मिक शीतलता प्राप्त हो इस भावना से चंदन पूजा के लिए बच्चों ने चंदन घिसना सीखा

### रविवारीय पूजन सत्र में सैकड़ों बच्चों ने नवांगी पूजा की बारीकियां सिखी


**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी की प्रेरणा से प्रति रविवार को बच्चों के मन मस्तिष्क में सुसंस्कार के बीजारोपण करने श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सकारात्मक पहल करते हुए बच्चों को प्रभु नवांगी पूजन, देववंदन विधि सिखाई जाती है। अनुमोदना स्वरूप बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस रविवारीय सत्र में बच्चों को पूजा हेतु चंदन घिसना सिखाया गया, नवांगी पूजा में चंदन का उपयोग किया जाता है, शुद्ध चंदन के मुठिया को पत्थर की सिल पर घिसा जाता है, घिसे चंदन को छोटी कटोरी में लेकर परमात्मा के 9 अंगों की पूजा की जाती है, इस हेतु प्रातः से ही बच्चे पूजन के वस्त्र जैन संस्कृति के परिचायक धोती दुप्पटा पहन कर आते हैं, तथा अपने मधुर कंठ से प्रभु भक्ति के श्लोक, नवांगी पूजन के दोहों की भाव पूर्ण अभिव्यक्ति से संपूर्ण



मंदिर परिसर भक्ति रस से ओतप्रोत हो जाता है। यही नहीं इस प्रयास से बच्चो के माता पिता भी प्रातः से ही पूजन में आने लगे हैं। ट्रस्टी निलेश गोलछा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा भावी पीढ़ी को संस्कारित करने रात्रि धार्मिक पाठशाला का भी संचालित हो रही है। जल भरी सम्पुट पत्र मां, युगलिक नर पूजन, ऋषभ चरण अंगुठडो दायक भवी जल अंत के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने श्री सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के अंगूठे की पूजा से 9 अंगों की पूजा आरम्भ की फिर घुटने, कलाई, कंधा, शिखा, मस्तक, कंठ, हृदय व नाभि की श्लोकों के साथ चंदन पूजा कर आत्मिक शीतलता हेतु पूजा करी। ट्रस्टी डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि आज 106 बच्चों को जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि हेतु चंदन मुठिया घिसने की जानकारी देकर नवांगी पूजा कराई गई, जैन धर्म में ही भगवान की प्रतिमा में भक्तों द्वारा सीधे पूजन का विधान है। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि नवांगी पूजा के साथ ही चारों दादागुरुदेव के सम्मुख विधिपूर्वक गुरुवंदन की प्रक्रिया सिखाई गई, बच्चों ने दादागुरुदेव का विधिपूर्वक खमासमना देकर वन्दन किया। अंत में दादागुरुदेव इक्तिसा का पाठ किया गया।

## 8 वर्ष तक के बच्चों को संस्कार देना माता पिता का दायित्व है : मुनिश्री नीरज सागर जी महाराज

### मुनिश्री नीरज सागर एवं निर्मद सागर जी महाराज के सानिध्य में भक्तिभाव के साथ हुआ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का पूजन



**रामगंजमंडी ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य आचार्य श्री 108विद्यासागर महाराज के परम शिष्य एवं परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज जी के आज्ञानुवर्ती परम पूज्य मुनि श्री 108 नीरज सागर महाराज एवं पूजन मुनि श्री 108 निर्मद सागर महाराज सानिध्य में भक्ति भाव के साथ श्री जी का अभिषेक शांति धारा की गई। शांति धारा का सौभाग्य राजमल पदम कुमार परिवार एवं गणेश कुमार मोहित कुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ इसके बाद भक्ति उल्लास के साथ आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज का पूजन किया गया रविवार होने से आज बच्चों में काफी उत्साह था भक्ति करते हुए आचार्य श्री का पूजन किया। पूजन में संगीत की स्वर लहरियां झालावाड से आई बिटिया स्वरा जैन ने बिखेरी समस्त आयोजन का संचालन प्रशांत जैन आचार्य एवम आकाश जैन आचार्य ने किया इन मांगलिक पलो में आदिनाथ जैन श्वेतांबर श्रीसंघ अध्यक्ष राजकुमार पारख ने महाराज श्री की चरणों में श्रीफल समर्पित कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। एवं झालावाड़ से पधारे नेरू जैन एवम स्वरा जैन ने भी मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी बेला में मौजूद बच्चों को महाराज श्री के कर कमलों में शास्त्र भेट करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ।

सर्वप्रथम मंगल प्रवचन देते हुए मुनिश्री 108 निर्मद सागर महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में संस्कारों की ओर उल्लेख करते हुए कहा की हॉलीडे का मतलब पवित्र दिन होता है। महाराज श्री ने अपने मंगल प्रवचन में बच्चों की और ध्यान आकर्षित करते हुए बचपन की बात याद करके कहा कि बड़ा होकर क्या बनना है, आज एहसास होता है कि मुझे बच्चा बनना है हमारा हृदय बच्चे जैसा होना चाहिए हम जैसे ही बड़े हो जाते हैं मायाचारी बढ़ जाती है हमें बच्चों जैसे सरल बन मृदु भाव लाना चाहिए। बच्चों को हमेशा अच्छी शिक्षा दी जाए और हम अच्छे बने उच्च शिक्षा केवल हिंदी माध्यम से ही प्रदान होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य अर्थ कमाना नहीं होना चाहिए। आज दुनिया पैसे के पीछे भाग रही है, संस्कारों को आना शिक्षा है जितना ज्यादा शिक्षा हुई है उतने बच्चे बिगड़े हुए हैं। संस्कार ऐसे हो कि मेरा बच्चा कीचड़ में भी मलिन न हों जिस प्रकार कीचड़ में कमल खिलता है उसी प्रकार। उन्होंने कहा कि बच्चे बाहर जाते हैं वह हमारे नहीं रहते तो ऐसी शिक्षा किस काम की की बच्चे हमारे नहीं रहे। बाहर जाकर बच्चे सप्त व्यसन में लिप्त हो रहे हैं घर में रहे तो गुरु के पास जाएंगे और संस्कारवान बनेंगे पढ़ाई का उद्देश्य संस्कारित होना चाहिए। भले ही कम पढ़ लेना लेकिन घर में रहकर पढ़ लेना। महाराज श्री ने आचार्य श्री का जिक्र करते हुए कहा कि आचार्य श्री कहते थे कि हम किसी भी भाषा का ज्ञान करें अध्ययन करें लेकिन हमारी स्पेशल भाषा हिंदी होना चाहिए उन्होंने आचार्य श्री का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था उन्होंने कहा कि हम किसी भी भाषा में पढ़े लेकिन हमें सपने जब भी आएंगे हिंदी में आएंगे इंग्लिश शब्द में हर शब्द साइलेंट हो जाता है। इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री नीरज सागर महाराज ने भी संस्कारों के प्रभाव के विषय में बताया उन्होंने कहा कि जीवन में मनुष्य बहुत चंचल होता है मानव के मन की चंचलता को बंदर की उपमा दी जाती है। हमने सब कुछ सुन लिया लेकिन बच्चों को संस्कार नहीं दिया तो सब व्यर्थ हो जाता है। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## प्रधानमंत्री मोदी के एक हैं तो सेफ हैं पर जनता ने लगाई मुहर, महाराष्ट्र में भाजपा की जीत जनता की एकजुटता का प्रतीक : भावना बोहरा

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और उपचुनाव में मिली भाजपा को ऐतिहासिक जीत जनता की जीत है : भावना बोहरा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शनिवार को महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुए वहीं छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में भी उपचुनाव हुए। एक तरफ महाराष्ट्र में भाजपा व महायुति गठबंधन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की वहीं झारखंड में भाजपा वोट प्रतिशत के हिसाब से सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी लेकिन जेएमएम और कांग्रेस के गठबंधन की सरकार ने वहां जीत दर्ज की।

इस अवर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा व महायुति को मिला यह जनादेश स्पष्ट करता है कि देश की जनता विकास, सुशासन और राष्ट्रीय हित में लिए गए निर्णयों के साथ दृढ़तापूर्वक खड़ी है।यह गौरवपूर्ण विजय आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व व डबल इंजन सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों तथा %सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास% के संकल्प के प्रति नागरिकों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। झारखंड विधानसभा चुनाव में भी हमने कड़ी मेहनत की लेकिन हमारे अनुरूप परिणाम नही आये परंतु हम जनता द्वारा दिये गए जनादेश को स्वीकार करते हैं। झारखंड की जनता ने हमें वोट प्रतिशत में सबसे बड़ी पार्टी का आशीर्वाद दिया है जिसके लिए मैं कृतज्ञता पूर्वक आभार व्यक्त करती हूं।



पार्टी ने मुझे झारखंड में प्रवासी प्रभारी का दायित्व दिया था जहां जनता ने जमेशपूर्व पूर्वी एवं जमशेदपुर पश्चिम में भाजपा व एनडीए गठबंधन ने जीत दर्ज की। मैं जनता जनार्दन द्वारा आशीर्वाद व समर्थन प्रदान करने के लिए हृदय से आभार। भारतीय जनता पार्टी सदैव झारखंड के विकास व रोटी, बेटी और माटी के सम्मान, सुरक्षा व समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। सर्वाधिक वोट प्रतिशत वाली पार्टी एवं एक मजबूत विपक्ष के रूप में हम जनजातीय भाई-बहनों समेत जनता के हित के मुद्दे उठाते रहेंगे। रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में भी जनता ने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में भाजपा के सुशासन एवं विकास पर अपनी मुहर लगते हुए श्री सुनील सोनी जी को ऐतिहासिक जीत का आशीर्वाद देकर लगातार 9वीं बार रायपुर दक्षिण विधानसभा में भाजपा का कमल खिलाया है। उत्तर प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में 9 में से 7 सीटों पर जीत दर्ज की। मध्यप्रदेश चुनाव में भी भाजपा ने बुधनी में जीत दर्ज की है। वहीं राजस्थान में भी भाजपा ने 7 में से 5 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की। यह जनता के अपार विश्वास से ही संभव हुआ है।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के एक हैं तो सेफ हैं के आह्वान पर महाराष्ट्र की जनता ने मुहर लगाते हुए एकजुटता के साथ भाजपा एवं महायुति को प्रचंड जनादेश दिया है। जनता ने तुष्टिकरण एवं परिवारवाद की राजनीति को नकार कर विकासवादी एवं सुशासन की भाजपा सरकार को चुना है। महाराष्ट्र में भाजपा की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता का भरोसा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और भारतीय जनता पार्टी के सुशासन मॉडल पर लगातार बढ़ता जा रहा है। यह सिर्फ एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता के अपार विश्वास और मोदी जी की लोकप्रियता का प्रमाण है। इस जीत ने यह साबित किया है कि विकास, स्थिरता और प्रगति के लक्ष्य पर चलने वाली बीजेपी जनता की पहली पसंद बन चुकी है। मोदी मैजिक और बीजेपी का सुशासन मॉडल लोगों के दिलों में गहरी छाप छोड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेंदुए की खाल के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में नबरंगपुर वनमंडल के वाइल्डलाइफ स्क्वाड,उदंती-सीतानदी की एन्टी पोचिंग टीम एवं डी.आर.आई ओडिशा की संयुक्त टीम ने तेंदुए की खाल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों से 1 नग मोटर सायकल,3 नग मोबाईल भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार वाइल्डलाइफ जस्टिस कमीशन इंडिया से प्राप्त छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा (उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व के इको सेंसिटिव जोन से लगा हुआ क्षेत्र) में तस्करी की सूचना मिली।इसके तहत 22 नवंबर 2024 को एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व नबरंगपुर वनमंडल एवं डी.आर.आई रायपुर के साथ संयुक्त टीम गठित कर उमरकोट परिक्षेत्र के करका सेक्शन के उदयपुर-हाथिबेना मार्ग पर तेंदुआ की खाल के साथ चमरा गोंड पिता रघु, खेदुराम पिता कुमार हरिजन,मंगलदास पिता लोकनाथ हरिजन को मौके से पकड़ा गया।प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने तेंदुआ खाल को 1 वर्ष पूर्व का बताया एवं अन्य आरोपियों के भी शामिल होने की बात बताई।तेंदुआ खाल की सर से पूँछ तक की कुल लम्बाई 195 सेंटीमीटर थी एवं प्रथम दृष्टया जहर देकर शिकार करना पाया गया।आरोपियों से 1 नग मोटर सायकल,3 नग मोबाईल भी जप्त किये गये।तीनो आरोपियों को पकड़कर विस्तृत पूछताछ के लिए रायघर परिक्षेत्र कार्यालय(जिला नबरंगपुर) लाया गया एवं प्रकरण क्रमांक 131 श्द्ध 2024-25 दर्ज किया गया। प्रकरण में फरार छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर सक्रीय अन्य तस्करों/ आरोपियों एवं वन्यप्राणी अवयवो की तलाश जारी है।

### जंगल में जुआ खेल रहे चार जुआरी गिरफ्तार

**धमतरी(विश्व परिवार)।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम डोंगरडुला, भैसामुड़ा मार्ग के किनारे जंगल में ताश जुआ खेल रहे चार जुआरियों को पकड़ा है। नगरी पुलिस द्वारा मुखबिर के बताये स्थान ग्राम डोंगरडुला भैसामुड़ा मार्ग किनारे डोंगरडुला जंगल में जुआ ताश खेल रहे जुआरियान को घेराबंदी कर पकड़ा गया जो की आम जगह में रूपये पैसे से हारजीत का दांव लगाकर ताश काट पत्ती नामक जुआं खेलते रंगे हाथ मिलने पर 04 जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 650/- रूपये एवं 52 पत्ती ताश गवाहों के समक्ष जप्त कर थाना नगरी में धारा 03(2)जुआ एक्ट के तहत अपराध कायम कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नगरी निरीक्षक शरद ताम्रकार, सउनि.चंद्रशेखर गेडाम,श्रीराम पटेल,प्रआर.जीवन नेताम,ईशु साहू, आरक्षक मानसिंह मरकाम, धर्मेंद्र बघेल, योगेंद्र साहू,योगेश साहू, पैकरा,महाबली सलाम,केशव पटेल,बिरेंद्र ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गांजा तस्करी करते चार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** जिले में एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के तहत कल 22 नवंबर को तीन अलग-अलग मामलों में 7 किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 82,000 है। चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, और उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि राजापारा राजमहल के पास एक व्यक्ति लाल रंग की प्लेजर स्कूटी (क्रमांक सीजी 13 यूबी 6834) में गांजा बेचने की फिराक में है। इस सूचना पर उप निरीक्षक ऐनु देवांगन की टीम ने तत्काल मौके पर दबिश देकर 40 वर्षीय आरोपी अजमत खान को पकड़ा। स्कूटी की डिक्की से दो पैकेट में 2 किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि स्कूटी रविशंकर देवांगन की है और दोनों ओडिशा से गांजा लेकर आए थे। गांजा की डिलीवर करने जा रहा था कि रास्ते में स्कुटी खराब हो गई थी, पुलिस ने रविशंकर को भी चांदनी चौक से गिरफ्तार कर लिया।

### कोरबा-चांपा मार्ग में हुए हादसे में कार के उड़े परखच्चे

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा-चांपा मार्ग पर ग्राम मड़वारानी के निकट एक हादसा घटित हुआ हैं। कार में सवार होकर कोरबा की तरफ आ रहे दो युवक इस हादसे में घायल हुए हैं। एक युवक की पहचान प्रिंस जायसवाल पिता दुर्गा प्रसाद जायसवाल निवासी पुरानी बस्ती के रूप में की गयी हैं। बताया जा रहा हैं की रात्री लगभग 10 बजे हुए हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए हैं। हादसा कैसे हुआ, यह पता नहीं चल सका है। अपुस्ट जानकारी के अनुसार कार डिवाइडर से टकराई हैं या कि किसी अन्य वाहन ने टक्कर मारी हैं। फिलहाल सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम घटनास्थल पहुंची और दोनों युवकों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। इनके परिजन को रात में ही सूचना दे दी गई थी जो अस्पताल पहुंचे।

## दम्पत्ति के कार से चींतल की खाल बरामद, तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**वन विभाग की कार्यवाही संदेह के दायरे में**

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय से रायपुर रोड स्थित वन विभाग के जांच नाका में जांच के दौरान दम्पत्ति के कार से एक चीतल कि खाल बरामद किया गया,उक्त कार में महिला सहित दो लोग सवार थे जिन्हें न्यायालय में पेश तो किया गया लेकिन वन विभाग के ढुल मूल रवैए के चलते खाल रखने का आरोपी को न्यायालय से शाम तक जमानत मिल गई ।




ज्ञात हो कि शुक्रवार सुबह जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर ग्राम बारूका के वन विभाग जांच नाके में वन विभाग के कर्मचारियों को अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि गरियाबंद से रायपुर की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 23 एम 7333 को रोक कर जांच किया जाए । उच्च अधिकारी के निर्देशानुसार उक्त कार को वन विभाग के वन रक्षक देवेंद्र तिवारी के द्वारा रोका गया ,कार में एक महिला व पुरुष सवार थे कार को पुरुष चालक मयूर बखरिया के द्वारा ड्राइव किया जा रहा था। कार कि गहन जांच कि गई तो बड़े ही सलिके से पेट्रोल टंकी व उसके निचे लगे चादर के बीच नट बोल्ट से कस कर रखा गया युवा चींतल कि खाल बरामद कि गई। उक्त कार्यवाही के दौरान एस डी ओ पी निशा सिन्हा भीं उपस्थित थी। वही कार के नीचे बंधे चीतल के खाल को आरोपियों सहित नगर के सिटी कोतवाली लाया गया, जहा पूरे वाहन की तलाशी ली गई उस कार में एक बैग से लाखो रूपये के हस्ताक्षर युक्त चेक भीं बरामद किया गया, इस कार्यवाही में आरोपी मयूर मयूर और उसकी पत्नी के खिलाफवन विभाग द्वारा पी ओ आर क्रमांक 17431/12 कायम किया गया। वन विभाग ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि प्रात: 8.45 पर सूचना प्राप्त हुई कि एक मारूती सुजकी बेलेनो वाहन क्रमांक सी.जी. 13 एम-7333 में वन्यप्राणी की खाल अवैध तस्करी कर गरियाबंद से रायपुर की ओर जा रही है। सूचना प्राप्त होने पर वनमण्डलाधिकारी गरियाबंद एवं उप वनमण्डलाधिकारी, गरियाबंद के निर्देशन में तत्काल सभी संभावित मार्गों पर वन परिक्षेत्र अधिकारी, वनकर्मचारियों एवं सहयोगी पुलिस कर्मचारियों द्वारा नाकाबंदी कर वनोपज जांच नाका बारूका में उक्त वाहन को रोक कर जांच पड़ताल की गई। जांच के दौरान वाहन से एक नग चीतल का खाल बरामद हुआ। तदोपंरात वाहन एवं वाहन मालिक मयूर वखारिया, निवासी गरियाबंद एवं श्रीमती स्वाति वखारिया, को कोतवाली थाना गरियाबंद लाकर विस्तृत जांच पड़ताल किया गया एवं अपराधियों के विरूद्ध भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 09, 39, 44, 48 (), 50, 51, 52 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) (ज) के अंतर्गत अपराध पजीबद्ध कर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहा शाम तक उनकी जमानत हो गई।

गौरतलब है कि इससे पूर्व खरगोश खाल रखने , बंदर खाल रखने के आरोपी, जंगल में तीर धनुष रखकर घूमने, हिरण के मांस,अतिक्रमण करने के आरोपी को बकायदा जेल दाखिल कर दिया जाता था ,और वन विभाग अपनी ही पीठ थपथपा लेती थी।लेकिन चीतल के खाल को रखकर कार से राजधानी ले जाने के आरोपी को तत्काल जमानत मिल गया,जो वन विभाग की कार्यवाही को संदेश के घेरे में ले रही है ।आज तक देखा गया है कि वन भूमि अतिक्रमण के मामले हो या वनों की कटाई हो या वन्य जीवों के खाल तस्करी के मामले हो, जिसमे वन विभाग की इच्छा हो उसमें कार्यवाही करते हुए गरीब आदिवासियों वनवासियो को जेल में ठूस दिया जाता रहा है। वैसे भी वनों की कटाई हो या वन्य जीवों शिकार हो या वन्य जीवो के खाल तस्करी के मामले वन्य प्राणियों कि तस्करी हो इसमें वन विभाग से ज्यादा पुलिस विभाग ही कार्यवाही की है।

उल्लेखनीय है कि नगर में इस चितल खाल के चर्चे दिन भर रहे, वही लोगो ने यह भीं बताया कि तीस हजार कि नौकरी में कई लाखो कि संम्पत्ति इन्होने बना ली जो जांच का विषय है। अपने आप को रायपुर में निजी कम्पनी में कार्यरत कर्मचारी बताने वाले व्यक्ति के पास कई कार रोज रायपुर से कार से आना जाना यह बताने के लिए काफ़ी है कि इनकी आय का जरिया क्या है ? वंही प्रत्यक्ष दर्शीयो ने बताया कि इनके पास से खाल जप्ती के समय वाहन चेकिंग में लाखो के कई चेक भीं हाथ लगे है जो बगैर नाम के थे ।वही विभाग के एक जिम्मेदार अफसर का कहना है कि इनकी संदिग्ध गतिविधियो को लेकर कई दिनों से रेकी कि जा रही थी। पुख्ता इनपुट होने पर ही कार्यवाही कि गई है। हमको इससे पहले भीं कई बार सुचना मिली किन्तु यह चकमा देकर निकलने में कामयाब रहे । शंका जताई जा रही है कि ओड़िसा से इस रैकेट का सम्बन्ध हो सकता है।

## ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय कार्यशाला संपन्न

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** ऊर्जा दक्षता ब्यूरो भारत सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रेडा विभाग अंतर्गत संभाग स्तरीय ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर किसानों के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को ऊर्जा दक्ष पंपों के चयन संचालन, संधारण, सुरक्षा की जानकारी तथा नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन सिंह बघेल ने कार्यशाला के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में प्रशिक्षण से किसान अपने सौर कृषि पंप का चयन, संचालन व संधारण कर ऊर्जा एवं जल संरक्षण को और अधिक दक्षता पूर्वक कर सकेंगे। सौर ऊर्जा का उपयोग करने से न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार मिलेगा और वे भी दूसरों को रोजगार देने में सक्षम बनेगें। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसमें अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यशाला में क्रेडा जोनल कार्यालय राजनांदगांव के कार्यपालन अभियंता श्री इन्दुभूषण साहू ने बताया कि कृषि पंपों के चयन बहुत महत्वपूर्ण होता है। ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा बचत के लिए स्टार रेटेड कृषि पंपों की सहायता से विद्युत की खपत को कम किया जा सकता है। साथ ही सोलर पंप का उपयोग कर कृषि सिंचाई में होने वाले जल का संरक्षण किया जा सकता है। जिला प्रभारी क्रेडा श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता ने ऊर्जा एवं जल की महत्व को सर्वोपरी रखते हुए ऊर्जा एवं जल उपलब्धता के आधार पर पंप के चयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही क्रेडा विभाग द्वारा अनुदान उपलब्धता के बारे में भी बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी डॉ गुंजन झा ने कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषकों एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मिलने वाले लाभ की जानकारी दी। कृषि पंप सुधारकर्ता इकाईयों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्यशाला में कृषि पंपों के उपयोगिता के बारे में बताया। सोलेक्सी कम्पनी के श्री दिनेश सिन्हा ने एनर्जी एफीसिंऐन्ट पंप के चयन स्थापना एवं रखरखाव के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर श्री कोमल सिंह राजपूत, शक्ति केन्द्र प्रभारी श्री गुरूशरण सिन्हा, शक्ति केन्द्र प्रभारी श्री तेज प्रकाश सिन्हा, उप अभियंता श्री मेघराज साहू एवं क्रेडा विभाग के स्टॉफ श्री धीरज वर्मा, श्री मनीष सोनवानी, श्री दीपक सिन्हा एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

## खेल से टीम वर्क और अनुशासन में रहने की मिलती है सीख : जीएम

**कोरबा(विश्व परिवार)।** केन्द्रीय स्कूल क्रमांक-2 एनटीपीसी कोरबा में वार्षिक खेल दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख राजीव खन्ना ने कहा खेल से टीम वर्क व अनुशासन में रहने की सीख मिलती है। एक आदर्श खिलाड़ी की भूमिका केवल स्पर्धा में टीम को जीत दिलाना ही नहीं है, बल्कि प्रतिस्पर्धी टीम के खिलाडियों के प्रति सम्मान का भाव भी रखना है। वार्षिक खेल दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का एनटीपीसी कोरबा परियोजना प्रमुख खन्ना ने हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ ही खेल हमें भविष्य के अच्छे नागरिक के रूप में स्थापित करने की राह पर ले जाता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एनटीपीसी के एजीएम व स्कूल प्रबंधन समिति के नामित अध्यक्ष केएन सिंह व पी. भट्टाचार्य रहे। वार्षिक खेल दिवस दीप प्रज्जवलन, सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के बाद शुरु हुई। राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में स्कूल का मान बढ़ा चुके प्रतिभावान छात्रों ने मशाल प्रज्जवलित की। इसके बाद चारों सदन सुभाष, टैगोर, अशोक और रमन हाउस के कैप्टन ने अपने सदन का ध्वज लेकर परेड की अगुवाई की। सकारात्मक खेल भावना से खेल स्पर्धाओं में भाग लेने की शपथ दिलाई। प्राचार्य एसके साहू ने स्वागत उद्बोधन पेश किया। सदन अनुसार एकल व टीम स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राथमिक स्तर पर रेडी टू गो, फ्रॉग रेस, लेमन रेस प्रतियोगिताएं हुई। माध्यमिक स्तर पर कबड्डी (बालक व बालिका वर्ग) और बास्केट बॉल (बालक वर्ग) का आयोजन सफलतापूर्वक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने स्कूल के खेल शिक्षक अस्मित कुमार, हीरभास समेत सभी शिक्षकों व कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एनएच 130 बी पर फैली राखड़ को हटाने मुंह मोड़ा ट्रांसपोर्टर ने

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले के पौड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत नेशनल हाईवे संख्या 130 बी पर बिजली घर की राखड़ परिवहन करने के दौरान एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हाईवे पर फ्लाई ऐश की उपस्थिति से आवाजाहि में कई प्रकार की परेशानियां खड़ी हो गई हैं। लोगों ने संबंधित ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। नेशनल हाईवे पर बड़ी मात्रा में राखड़ गिरने की जानकारी होने के बावजूद ट्रांसपोर्ट कंपनी की ओर से इसे हटाने की व्यवस्था नहीं कराई गई। जानकारी मिली है कि कोरबा जिले में फ्लाई ऐश पौंड से राखड़ लेकर एक भारी वाहन अंबिकापुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान थोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र से गुजरते समय हादसा हो गया और वहां में लोड अपशिष्ट सडक पर फैल गया। चालक ने मामले की जानकारी ट्रांसपोर्ट कंपनी को दी तो उसके बाद जल्दबाजी में वाहन को यहां से हटवा कर दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया लेकिन मौके पर बनी हुई समस्या के बारे में कोई विचार नहीं किया गया। इस कारण से रास्ते में समस्याएं पैदा हो गई हैं और आवागमन करने वाले लोग परेशान हो रहे हैं

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की चाक-चैबंद व्यवस्था से प्रसन्नचित है पाररास धान खरीदी केन्द्र के कृषक

**धान बिक्री कर लखपति दीदी बनी महिला कृषक चंद्रिका बाई एवं मीना बाई**

**बालोद(विश्व परिवार)।** राज्य शासन के मंशानुरूप बालोद जिला प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर आसानी से किसानों के धान की खरीदी करने हेतु जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में की गई बेहतर व्यवस्था से बालोद जिले के कृषकों ने सराहना की है। इसके अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पाररास के धान खरीदी केन्द्र में किसानों की धान की सुगमता से खरीदी हेतु की गई चाक-चैबंद व्यवस्था से पाररास धान खरीदी केन्द्र के कृषक बहुत ही प्रसन्नचित है। उल्लेखनीय है कि पाररास धान खरीदी केन्द्र में आसानी से धान खरीदी करने की व्यवस्था के अलावा किसानों के लिए बैठक, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्था के अलावा धान खरीदी के धान की अवैध बिक्री के अलावा सीसीटीवी कैमरा, बायोमेट्रिक मशीन, इलेक्ट्रॉनिक तराजू आदि सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। धान खरीदी केन्द्र में इन सभी व्यवस्थाओं की उपलब्धता से किसान निश्चिंत होकर समय पर अपनी धान की बिक्री कर रहे है। इसके साथ ही धान खरीदी केन्द्रों में की गई चाक-चैबंद व्यवस्था के अलावा राज्य शासन के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने का महत्वाकांक्षी योजना महिला कृषकों को रातोरात लखपति दीदी बनाने का भी कारगर योजना साबित हो रहा है। इस योजना के फलस्वरूप जिले के पाररास धान खरीदी केन्द्र के दो महिला कृषक चन्द्रिका बाई एवं मीना बाई के खातों में धान खरीदी के 72 घण्टे के उपरांत 03 लाख की अधिक की राशि जमा होने से ये महिला कृषक लखपति दीदी बन गई है। राज्य शासन की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना की जिले के बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र पाररास के अंतर्गत ग्राम रेवती नवागांव की महिला कृषक श्रीमती चन्द्रिका बाई ने मुक्तकंठ से सराहना की है। श्रीमती चन्द्रिका बाई ने बताया कि उन्होंने धान बिक्री हेतु टोकन कटने की निर्धारित तिथि 20 नवंबर को धान खरीदी केन्द्र पाररास में पहुँचकर कुल 160 क्विंटल 20 किलोग्राम मोटा धान की बिक्री की।

## माता का स्थान संसार में सबसे अग्रणी एवं महत्वपूर्ण : सांसद भोजराज नाग

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का जिला स्तरीय सम्मान समारोह का किया गया आयोजन**




**बालोद(विश्व परिवार)।** सांसद भोजराज नाग ने कहा कि माता सृष्टि एवं जगत का आधार है। उन्होंने कहा कि माता का स्थान संसार में सबसे अग्रणी एवं अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री नाग आज संयुक्त जिला कार्यालय के जनदशर्न कक्ष में आयोजित बालोद जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के जिला स्तरीय सम्मान समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि हमारे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले हमारे देश के भावी भविष्य नन्हें-मुन्हें बच्चों का परवरिश, उनका समुचित देखभाल एवं उन्हें शिक्षित एवं सुसंस्कृत करने का कार्य करती है। इसलिए उनका स्थान जन्म देने वाली माता के समान ही है। कार्यक्रम में विधायक गुण्डरदेही श्री कुंवर सिंह निषाद, विधायक संजारी बालोद श्रीमती संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित श्री केसी पवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन एवं अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री नाग ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में माता एवं मातृ शक्ति का स्थान सदैव महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि माता परिवार का भरण पोषण करने के अलावा अपने समाजिक एवं अन्य उत्तरदायित्वों का भी पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करती है। इसलिए माता का स्थान संसार में सर्वोच्च एवं आदरणीय है। इस अवसर पर जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक श्री कुंवर सिंह निषाद ने जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के विशिष्ठ कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने आज आयोजित समारोह में सम्मानित होने के लिए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा ने कहा कि हम सभी के लिए गर्व का विषय है हमारे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को अपने विशिष्ठ कार्यों की बदौलत आज उन्हें सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा ने जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के द्वारा संपादित की जाने वाली उल्लेखनीय कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए उनकी प्रशंसा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि हमारे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का शासन के विभिन्न योजनाओं को धरातल में क्रियान्यन सुनिश्चित कराने में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि हमारे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपने विभागीय दायित्वों के निर्वहन के साथ-साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के कार्य को पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ पूरा करते है।

## व्यापार समाचार

### 100 अरब डॉलर का आएगा निवेश 99.6 प्रतिशत बढ़ेगा निर्यात

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सरकार ने शनिवार को कहा कि व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) देशों में बाजार पहुंच के साथ भारतीय निर्यात में 99.6 प्रतिशत की वृद्धि करने और 100 अरब डॉलर का निवेश बढ़ाने की क्षमता है। शुक्रवार को वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल के नेतृत्व में नॉर्वे की यात्रा के दौरान यह बात कही गई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, वाणिज्य सचिव ने नॉर्वे के उद्योग के लिए कई बड़े अवसरों पर प्रकाश डाला, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था अगले तीन-चार वर्षों में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। बर्थवाल ने नॉर्वे के व्यापार, उद्योग और मत्स्य पालन मंत्रालय के राज्य सचिव टॉमस नोरवेल से मुलाकात की। उन्होंने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, भारतीय पेशेवरों के लिए गतिशीलता, मौजूदा संस्थागत मेकैनिज्म को फिर से सक्रिय करने और टीईपीए के लिए अगले कदमों पर चर्चा की। वाणिज्य सचिव ने व्यापार और उद्योग मंत्री महामहिम सेसिली मायर्सेथ और स्वास्थ्य और देखभाल सेवा मंत्री महामहिम जान क्रिश्चियन वेस्ट्रे से भी मुलाकात की। इस यात्रा में नॉर्वेजियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (एनएचओ), इनोवेशन नॉर्वे, शिपबिल्डर्स एसोसिएशन, रेडर बिंग लॉ फर्म और कई बड़ी नॉर्वेजियन कंपनियों के नेताओं और सीईओ सहित व्यापार हितधारकों के साथ चर्चा भी शामिल थी। ये फर्म अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं, विशेष रूप से, रिन्यूएबल एनर्जी, शिपिंग इंडस्ट्री, उपभोक्ता सामान, ग्रीन हाइड्रोजन, कपड़ा, समुद्री भोजन, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी और आपसी हित के अन्य क्षेत्र। भारत ने चार विकसित देशों - स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन के साथ टीईपीए पर हस्ताक्षर किए - जो यूरोप में एक महत्वपूर्ण आर्थिक ब्लॉक है। सरकार के अनुसार, यह समझौता मेक इन इंडिया को बढ़ावा देगा और युवा और प्रतिभाशाली वर्कफोर्स को अवसर प्रदान करेगा। ईएफटीए अपनी टैरिफ लाइनों का 92.2 प्रतिशत प्रदान कर रहा है, जो भारत के 99.6 प्रतिशत निर्यात को कवर करता है। ईएफटीए की बाजार पहुंच पेशकश में गैर-कृषि उत्पादों का 100 प्रतिशत और पीएपी पर टैरिफ रियायत शामिल है। भारत अपनी टैरिफ लाइनों का 82.7 प्रतिशत प्रदान कर रहा है, जो ईएफटीए निर्यात का 95.3 प्रतिशत कवर करता है। भारत ने ईएफटीए को 105 उप-क्षेत्रों की पेशकश की है और नॉर्वे से 114 उप-क्षेत्रों में कमिटमेंट पाया है। टीईपीए से अगले 15 वर्षों में भारत में व्यावसायिक और टेक्निकल ट्रेनिंग के लिए बेहतर सुविधाओं सहित भारत के युवा आकांक्षी कार्यबल के लिए बड़ी संख्या में नई नौकरियों के अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

### ओला इलेक्ट्रिक करेगी पांच सौ कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सरकारी जांच और बढ़ते घाटे के बीच विवादों में घिरी ओला इलेक्ट्रिक कंपनी पुनर्गठन की कोशिशों तहत कम से कम 500 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, भाविश अग्रवाल की अगुआई वाली इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी अपने कर्मचारियों की संख्या को कम कर लाभप्रदता को बढ़ाकर अपनी परिचालन दक्षता को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कंपनी की पुनर्गठन की यह कवायद कई विभागों के कर्मचारियों को प्रभावित करेगी। सूत्रों का हवाला देते हुए इंक42 (आईएनसी42) की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी का उद्देश्य लाभप्रदता बढ़ाने और मार्जिन में सुधार के लिए खर्चों में कटौती करना है। हालांकि, कर्मचारियों की छंटनी को लेकर कोई समय अवधि निर्धारित नहीं है। ओला इलेक्ट्रिक की ओर से इस छंटनी पर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। न ही मामले पर कोई टिप्पणी की गई है। ओला इलेक्ट्रिक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर अवधि में 4× प्रतिशत वृद्धि के साथ 495 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया, जो पिछली तिमाही में ×47 करोड़ रुपये था। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी का राजस्व भी इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1,644 करोड़ रुपये से 26.1 प्रतिशत घटकर दूसरी तिमाही में 1,214 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, शुद्ध घाटा पिछले साल की तुलना में कम हुआ है। अग्रवाल ने पोस्ट-क्वाटर्ली अर्निंग कॉल में कहा कि कंपनी के परिचालन व्यय में तिमाही आधार पर कमी आई है और कंपनी लागत दक्षता पर ध्यान केंद्रित करेगी।

### 10 में से 9 कारोबारी अगले साल बढ़ाएंगे साइबर सिक्योरिटी बजट : रिपोर्ट

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** हर 10 में से 9 (9× प्रतिशत) भारतीय बिजनेस लीडर्स का मानना है कि अगले साल उनका साइबर सिक्योरिटी बजट बढ़ सकता है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में गुरुवार को दी गई। रिपोर्ट में बताया गया, 17 प्रतिशत भारतीय बिजनेस लीडर्स का मानना है कि उन्हें अपना बजट 15 प्रतिशत या उससे अधिक बढ़ाना होगा। यह पिछले साल के मुकाबले एक प्रतिशत 'यादा है। पीडब्ल्यूसी इंडिया की %डिजिटल ट्रस्ट इनसाइट्स 2025% रिपोर्ट में कहा गया कि साइबर खतरों को देखते हुए डेटा को सुरक्षित रखने के लिए 42 प्रतिशत भारतीय बिजनेस लीडर्स डेटा प्रोटेक्शन को प्राथमिकता देना चाहते हैं। पीडब्ल्यूसी इंडिया में रिस्क कंसल्टिंग के पार्टनर और लीडर, शिवराम कृष्णन ने कहा, एडवांस टेक्नोलॉजी को अपनाकर, मूलभूत साइबर सुरक्षा सिद्धांतों का पालन करके और संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करके, संगठनों की सुरक्षा को मजबूत करने और अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने की जरूरत है। क्लाउड से संबंधित खतरे सबसे बड़ी चिंता बने हुए हैं, 55 प्रतिशत भारतीय एग्जीक्यूटिव ने इसे सबसे चिंताजनक साइबर जोखिम बताया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में × प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। हालांकि, 50 प्रतिशत सिक्योरिटी लीडर्स और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) आने वाले वर्ष में इन खतरों से निपटने के लिए कम से कम तैयार महसूस करते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि जनरल एआई साइबर निवेश प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है, पिछले 12 महीनों में 87 प्रतिशत संगठनों ने इसमें अपना निवेश बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त 86 प्रतिशत संगठनों ने अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीतियों के हिस्से के रूप में एआई प्रशासन पर अपना खर्च बढ़ाया है।

## तेज़ गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को फिर से आईपीएल ऑक्शन लिस्ट में जोड़ा गया



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ जोफ़्रा आर्चर को आईपीएल नीलामी सूची में फिर से शामिल कर लिया गया है। कुछ दिन पहले ही उनका नाम उस शॉर्टलिस्ट में नहीं था, जो पिछले सप्ताह के अंत में फ्रेंचाइज़ियों को भेजी गई थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि आर्चर को सूची में शामिल करने की सूचना फ्रेंचाइज़ियों को अनौपचारिक रूप से गुरुवार को दी गई। दो दिवसीय आईपीएल मेगा नीलामी 24-25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित की जाएगी। आईपीएल ने अभी तक इस ख़बर को सार्वजनिक नहीं किया है, लेकिन फ्रेंचाइज़ियों के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि आर्चर किस सेट में आते हैं। अपने इंग्लैंड टीम के साथी मार्क वुड के साथ, आर्चर भी उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल थे, जो आईपीएल द्वारा फ्रेंचाइज़ियों को भेजी गई 574 खिलाड़ियों की शॉर्टलिस्ट में शामिल नहीं थे। उनका नाम उस लिस्ट में नहीं होने से काफ़ी सवाल भी उठे थे, क्योंकि दोनों ही तेज़ गेंदबाज आईपीएल की मूल लिस्ट का हिस्सा थे। आर्चर ने नीलामी के लिए 2 करोड़ रुपये का अधिकतम बेस प्राइस तय किया था। ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि आर्चर और उनके प्रतिनिधि इस सप्ताह ईसीबी और बीसीसीआई के साथ चर्चा कर रहे थे, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि अगर उनका नाम शॉर्टलिस्ट में शामिल नहीं होगा, तो इसका क्या असर होगा। आर्चर के पास इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी ) के साथ एक सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट है, जिसके कारण उनके कार्यभार की देखभाल ईसीबी भी करता है। आर्चर ने 2021 की शुरुआत के बाद से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन इंग्लैंड को उम्मीद है कि वह अगले साल भारत और ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ टेस्ट खेलेंगे। इंग्लैंड क्रिकेट के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की ने पिछले सप्ताह संडे टाइम्स को बताया, जोफ़्रा के साथ सबकुछ योजना के मुताबिक चल रहा है। क्या वह अगले गर्मियों में टेस्ट खेल सकते हैं? मेरी सभी उंगलियां क्रॉस हैं, शायद हां। आईपीएल में अप्रैल और मई का समय बिताना आर्चर के लिए इसे कठिन बना देगा, क्योंकि इससे वह काउंटी चैम्पियनशिप के शुरुआती चरण में ससेक्स के लिए नहीं खेल पाएंगे। पिछले साल ईसीबी ने आर्चर को आईपीएल नीलामी में शामिल होने से रोक दिया था ताकि वह चोट से जल्दबाज़ी में वापसी न करें। हालांकि इस साल अगर उन्हें रोका जाता, तो वह 2027 तक आईपीएल में हिस्सा लेने में असमर्थ हो जाते। आईपीएल ने इस नीलामी चक्र के लिए नए नियम पेश किए हैं, जिनके अनुसार ऐसे खिलाड़ी, जिन्होंने पहले लीग में हिस्सा लिया है, लेकिन मेगा-नीलामी के लिए रजिस्टर नहीं किया, उन्हें अगले मिनी-नीलामी के लिए रजिस्टर करने की अनुमति नहीं होगी। एक अन्य नियम के तहत, यदि कोई खिलाड़ी नीलामी में ख़रीदा जाता है और बिना उचित कारण अपना नाम वापस लेता है, तो उसे दो साल के लिए प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा। 29 वर्षीय आर्चर ने इस साल लंबी चोट के बाद वापसी की थी और पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल सीरीज़ में हिस्सा लिया था।

## पर्थ टेस्ट : विवादित डीआरएस कॉल आउट होने से निराश हुए केएल राहुल



**पर्थ( एजेंसी )।** पर्थ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के दौरान भारतीय ओपनर केएल राहुल विवादित तरीके से आउट हो गए। राहुल 23वें ओवर में मिचेल स्टार्क की गेंद पर डिफेंड करने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद मैदानी अंपायर ने उन्हें नॉट आउट दिया था। लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया, क्योंकि उन्हें लगा कि गेंद बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के पास गई थी। रिव्यू में थर्ड अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने अल्ट्रा-एज पर एक स्पाइक देखकर माना कि राहुल के बल्ले का किनारा गेंद से लगा था। हालांकि, यह भी दिखा कि बल्ला पैड से टकरा सकता था। इलिंगवर्थ ने फ्रंट-ऑन एंगल मांगा, लेकिन उन्हें यह नहीं दिया गया। मजबूरी में उन्हें पीछे से मिले अधूरे एंगल के आधार पर फैसला करना पड़ा। जब आउट का फैसला स्क्रीन पर दिखा, तो राहुल हैरान रह गए और ड्रेसिंग रूम की ओर जाते हुए उन्होंने अपना सिर हिला दिया। उन्होंने पहली पारी में 74 गेंदों पर 26 रन बनाए थे। इस फैसले पर कमेंटेटर भी चकित रह गए। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा, मुझे नहीं लगा कि तीसरे अंपायर के पास मैदानी अंपायर का फैसला पलटने के लिए पर्याप्त सबूत थे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज केरी ओ'कीफ ने भी सहमति जताई। उन्होंने कहा, राहुल बदकिस्मत रहे। शायद बल्ला पैड से टकराया होगा। हॉट स्पॉट तकनीक होती, तो यह साफ हो जाता। राहुल का रिएक्शन बता रहा था कि वह निराश थे।

## सहवाग ने कूच बिहार ट्रॉफी में 297 रन बनाने पर बेटे आर्यवीर की सराहना की



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने शुक्रवार को अपने बेटे आर्यवीर सहवाग की सराहना की, जिन्होंने शिलांग के पोलो में एमसीए ग्राउंड पर अंडर-19 पुरुष कूच बिहार ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच में मेघालय के खिलाफ दिल्ली के लिए खेलते हुए 297 रन बनाए। सहवाग ने एक्स पर लिखा, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था,अच्छा खेला, आर्यवीर सहवाग। 23 रन से फेरारी चूक गए। लेकिन शाबाश, जोश बनाए रखो और आप और भी कई बड़े शतक तथा दोहरे और तिहरे शतक बनाएं। खेल जाओ..। 297 रन की मैराथन पारी के दौरान, किशोर ने 51 चौके और तीन छक्के जमाए और दिल्ली को 623/5 पर पहली पारी घोषित करने से पहले विशाल स्कोर तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेघालय ने अपनी पहली पारी में 260 रन बनाए। जवाब में दिल्ली के सलामी बल्लेबाज आर्यवीर और अर्नव बुग्गा ने पहले विकेट के लिए 180 रन जोड़े, जबकि बाद में आर्यवीर 108 गेंदों पर 19 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 114 रन बनाकर आउट हो गए। विकेटकीपर-बल्लेबाज वंश जेटली ने 43 रन जोड़े, जिसके बाद धन्या नाकरा और आर्यवीर ने पारी को आगे बढ़ाया और गुरुवार को खेल समाप्त होने तक 468/2 के स्कोर पर 208 रन की बढ़त हासिल कर ली। मेघालय के कप्तान दीपांकर बरुआ ने दिल्ली की गति को रोकने के लिए विभिन्न गेंदबाजी संयोजनों की कोशिश की, लेकिन मेहमान टीम ने सपाट पिच का पूरा फायदा उठाया। मेघालय के पहली पारी के 260 रन के स्कोर को पार करने के बाद, दिल्ली ने आर्यवीर और धन्या के बीच तीसरे विकेट के लिए 188 रन की शानदार साझेदारी करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली, जिससे मेजबान टीम की मुश्किलें और बढ़ गईं।

## भारत की गिग फर्मे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार: वित्त मंत्री



**बेंगलुरु( एजेंसी ) ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक आयोजन में कहा कि क्विक कॉमर्स जैसे भारतीय इनोवेशन समय के साथ अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी व्यापार क्षेत्र में सबसे बड़े प्लेयर की कैटेगरी में शामिल हो सकते हैं। वित्त मंत्री ने कई क्षेत्रों में एक मजबूत भारत ब्रांड का आह्वान किया। उन्होंने पारंपरिक खुदरा व्यापार की चुनौतियों का भी जिक्र किया और कहा कि इन चुनौतियों से उभरने के लिए मदद की जरूरत है। बेंगलुरू में इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित 8वें इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की स्टार्ट-अप और गिग इकोनॉमी इकाइयां उस इनोवेशन का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसकी भारत क्षमता रखता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा देश को स्टार्टअप और गिग इकॉनमी यूनिट का लाभ उठाना चाहिए। ताकि आधुनिक शहरी जरूरतों के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशन डेस्टिनेशन के रूप में ब्रांड इंडिया की स्थापना की जा सके। वित्त मंत्री ने क्विक कॉमर्स को भारत में तेजी से बढ़ता उपभोक्ता इंटरनेट सेक्टर बताया। उन्होंने कहा कि क्विक कॉमर्स से जुड़ी कंपनियों ने माल की फास्ट डिलीवरी के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क डेवलप किए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में भारत फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) होना चाहिए, जो यूएस-एफडीए के समान मानक निर्धारित कर सके और दवा निर्माण के निर्यात में तेजी लाने में मदद कर सके। उन्होंने कहा, यूएस एफडीए की तरह ही, हमें भी वैश्विक मानकों वाला भारत एफडीए होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने देश के पर्यटन को नया दृष्टिकोण देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के टॉप 100 टूरिस्ट सेंटर में उस साइट के आर्किटेक्चर के डिजिटल सेल्फ-लर्निंग प्रोग्राम चलाए जाने की जरूरत है। हमें उन लोगों को लर्निंग मटेरियल प्रदान करना

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में 1,00,000 इनोवा हाईक्रॉस बेचने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की और इसका जश्न मनाया

**बैंगलोर:** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में इनोवा हाईक्रॉस की 1,00,000 गाड़ियों की बिक्री की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की और इसका जश्न मनाया। लॉन्च किये जाने की दूसरी सालगिरह पर यह उपलब्धि ब्रांड टोयोटा पर ग्राहकों के भरोसे को मजबूत करती है। साथ ही इनोवा हाईक्रॉस की बढ़ती लोकप्रियता को भी दर्शाती है, जिसे इसकी उन्नत तकनीक, बेजोड़ आराम और असाधारण प्रदर्शन के लिए बहुत पसंद किया जाता है। भिन्न तरीकों से निरंतर गतिशीलता की पेशकश करने की दिशा में टीकेएम की प्रतिबद्धता के क्रम में एक और कदम के रूप में नवंबर 2022 में लॉन्च की गई इनोवा हाईक्रॉस , अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और अभिनव डिजाइन के साथ टोयोटा की विश्व स्तर पर प्रसिद्ध गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता (क्यूडीआर) का एक सहज मिश्रण प्रस्तुत करती है। टोयोटा के उन्नत ग्लोबल आर्किटेक्चर (टीएनजीए) पर निर्मित, इनोवा हाईक्रॉस 5वीं पीढ़ी के सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम से संचालित है । 2.0 लीटर 4 सिलेंडर गैसोलिन इंजन और ई-ड्राइव सीक्वेंशियल शिफ्ट से युक्त, यह 137 केडब्ल्यू (186 पीएस) का प्रभावशाली पावर आउटपुट देता है साथ ही अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता प्रदान करता है। हाइब्रिड सिस्टम वाहन को 60त्न समय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मोड में चलाने में सक्षम बनाता है। इससे पावर, दक्षता और पर्यावरण चेतना का एक सहज संयोजन मिलता है। इसके अलावा, मॉडल चुनिंदा वेरिएंट में डायरेक्ट शिफ्ट सीवीटी के साथ जोड़ा गया 2.0-लीटर गैसोलीन इंजन प्रदान करता है, जो 129 केडब्ल्यू (174 पीएस) का मजबूत आउटपुट देता है, जिससे ग्राहकों को उनकी ड्राइविंग जरूरतों के अनुरूप विविध विकल्प मिलते हैं। इस नई उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री सबरी मनोहर ने कहा, हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि इनोवा हाईक्रॉस ने 1,00,000 यूनिट की उपलब्धि हासिल कर ली है।

## मिआ बाए तनिष्क ने भिलाई में अपना पहला एक्सक्लूसिव स्टोर शुरू करके छत्तीसगढ़ में किया रिटेल विस्तार

**भिलाई :** भारत के सबसे ट्रेंडी प्रेशियस फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, मिआ बाए तनिष्क ने भिलाई में अपना पहला एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर नेहरू नगर में लॉन्च किया है। अनोखी कारीगरी और ट्रेंड-सेटिंग डिज़ाइन के लिए नवाज़ा जाने वाला ब्रांड मिआ, समृद्ध संस्कृति और जोश, उल्लास के साथ मनाए जाने वाले त्योहारों के लिए नवाज़े जाने वाले क्षेत्र में अपना रिटेल विस्तार कर रहा है। इस नए स्टोर के साथ अब छत्तीसगढ़ में मिआ के 3 स्टोर हो चुके हैं। यह भिलाई शहर का पहला मिआ बाए तनिष्क स्टोर है, जिसने छत्तीसगढ़ में ब्रांड की मौजूदगी को और भी मज़बूत किया है। यह अनोखी विरासत ब्रांड के उत्पादों में खूबसूरती जोड़ती है, उसके युवा, जोशीले अंदाज़ को दर्शाती है।



स्टोर का उद्घाटन मिआ बाए तनिष्क के वेस्ट - 1 के रीजनल बिज़नेस मैनेजर, श्री अभिषेक बाजपाई ने किया। भिलाई में नए मिआ बाए तनिष्क का पता - प्लॉट नंबर 37/12, ग्राउंड फ्लोर, नेहरू नगर, भिलाई, छत्तीसगढ़ - 490020 मिआ के रिटेल विस्तार में यह स्टोर एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। बहुत ही आसान और हर किसी की पसंद पूरी करने वाला शॉपिंग अनुभव प्रस्तुत करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को यह स्टोर अधोरेखित करता है, आपके हर ख़ुशी को शानदार और यादगार बनाने के लिए यह परफेक्ट डेस्टिनेशन है। 700 स्क्वायर फ़ीट के इस स्टोर में 14 और 18 कैरेट सोने के ट्रेंडी और आधुनिक ज्वेलरी डिज़ाइन प्रस्तुत किए गए हैं। मिआ के नए फेस्टिव कलेक्शन और रंगीन स्टोन, चमकीले सोने, हीरे और चांदी में बने मिआ के सबसे शानदार आभूषण इस स्टोर में हैं।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग
नारायणपुर संभाग नारायणपुर (छ.ग.)
निविदा सूचना प्रकाशन

क्रमांक 2662/N.I.T No - 06/व.ले.लि./2024-25 नारायणपुर दिनांक 20.11.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी वर्ग "द" से "अ" तक पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनूअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि:- 29.11.2024 सांय: 5.30 बजे तक

निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि:- 06.12.2024 सांय: 5.30 बजे तक (रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट द्वारा)

निविदा खोलने की तिथि:- 09.12.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| नि..क्र. | कार्य का नाम | अमानत राशि/निविदा प्रपत्र की राशि | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| T000 | सर्क्रिट हाउस नारायणपुर के पिछे शेड निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 3800/- 750/- | 5.00 |

नोट:- निविदा प्रपत्र दिनांक 29.11.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निम्न अभिलेखों की राजपत्रिय अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकेगें।

(1) विभाग के पंजीयन की छायाप्रति। (2) जी.एस.टी. पंजीयन की छायाप्रति।
(3) बैंक साल्वेंसी (जारी दिनांक से 12 माह तक वैद्य) (4) आयकर रिटर्न चालू वर्ष की छायाप्रति।
(5) अमानत राशि का लिफाफा एवं निविदा प्रपत्र का लिफाफा अलग-अलग प्राप्त होगा।
(6) आयकर चुकता प्रमाण-पत्र या विगत तीन वर्षों का आयकर रिटर्न (फार्म-16 सरल)
(7) पेन कार्ड की सत्यापित प्रतिप्रस्तुत करना अनिवार्य है।

अन्य विवरण कार्यालयिन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।

**कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी का होगा।**

G- 242504001/1

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग
नारायणपुर

